दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024, वैशाख कृष्णपक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत-2080 वर्ष-09 अंक-10 पृष्ठ-12, मूल्य - 4 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

लक्ष्मी की चोरी हो सकती है लेकिन सरस्वती की नहीं, इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित बनाये, धनवान नहीं

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:20 प्रातः

अस्त : 06:14 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	39.0	25.0
जमशेदपुर	44.0	24.0
हजारीबाग	40.0	25.0
डालटनगंज	42.0	25.0

संक्षिप्त खबरें

राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में बगैर ऑक्शन के माइनिंग लीज दिया जा रहा है। गैर मजुरुवा यानी सरकारी जमीन पर भी माइनिंग की जा रही है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन में पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई, कहा

भाजपा कभी आदिवासियों की भलाई नहीं कर सकती

खूंटी। इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।

पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है।

आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमंत को जेल में डाला : मीर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ और खूंटी में एक आंदोलनकारी शहीद भी हुआ।

भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा का नामांकन, राजनाथ सिंह ने कहा

भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं

खूंटी। राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में भाजपा की जनसभा हुई।

जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा। दिनभर कई सभाओं के बाद वह रात में दस बजे बैठक करते हैं। यदि भारत का मस्तक ऊंचा करना है तो ऐसा ही तपस्वी प्रधानमंत्री इस देश को चाहिए।

राजनाथ ने कहा कि दुनिया में यह धारणा थी कि भारत कमजोर है, जो कोई भी चाहता था वह भारत को आंख दिखा देता था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारत का कद दुनिया में बढ़ा है। पहले लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे। गांव में आपने देखा होगा कि कमजोर की बात कोई नहीं सुनता है। यही हाल भारत का था। आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोल कर सुनती। आज यह भारत है।

रक्षा मंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था पर कहा कि जब 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने तो भारत 11वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने सात वर्षों में भारत को दुनिया के पांच देशों में लाकर खड़ा कर दिया। विश्व के अर्थशास्त्री दावा कर रहे हैं कि दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत है। आज से तीन साल बाद भारत दुनिया के तीन देशों में आकर खड़ा हो जाएगा। अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा।

किसी देश में वह काम नहीं हुआ जो हमारी सरकार ने किया : राजनाथ ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है तो हमारी सरकार ने दिया है। मैं मानता हूं कि वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झाने, चांद भैरव, टाना भगत इन सबको सम्मान मिला।

दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को फौरी राहत

जेएमएम की संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक लगायी रोक

नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था।

10 मई को होगी मामले की अगली सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

कोर्ट में वकीलों ने दिए ये तर्क

उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं। यह भी तर्क दिया गया कि चार मार्च का आदेश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से परे था। कपिल सिब्बल ने कहा कि कानून के तहत जांच केवल एक व्यक्ति के खिलाफ ही शुरू की जा सकती है, किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई अपनी पिछली रिपोर्ट में पहले ही इस निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है कि संपत्तियां झामुमो की हैं, इसलिए लोकपाल का आदेश जांच के दायरे से बाहर चला जाता है। बता दें कि लोकपाल ने निशिकांत दुबे की शिकायत पर सीबीआई को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा झामुमो से संबंधित दो संपत्तियों की जांच करने का भी निर्देश दिया गया है।

झामुमो की याचिका में क्या कहा गया

दिल्ली उच्च न्यायालय में झामुमो द्वारा दायर की गई याचिका में कहा गया है कि लोकपाल का आदेश प्रथम दृष्टया कानून की दृष्टि से खराब और अधिकार क्षेत्र के बिना है। दावा किया गया कि यह आदेश झामुमो की जानकारी के बिना पारित किया गया था। याचिका में कहा गया है कि आदेश पारित करने से पहले झामुमो को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था और पार्टी को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया था।

निशिकांत के आरोप

इससे पहले लोकपाल को दी गई अपनी शिकायत में निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। आगे कहा गया है कि भ्रष्ट तरीकों को अपनाकर अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की गई।

कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

रांची। झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी।

जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा तीन मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

देश के पूर्वी राज्यों में भीषण गर्मी का कहर

नई दिल्ली : भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी मंगलवार को भी जारी रही और यह देश के दक्षिणी हिस्सों में भी फैल गई। ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाके, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से सात डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस, कुरनूल में 43.2 डिग्री सेल्सियस, तमिलनाडु के सलेम में 42.3 डिग्री सेल्सियस और इरोड में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस महीने में लू का यह दूसरा दौर है। आईएमडी के मुताबिक, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में लू की स्थिति गंभीर हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक, अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस और महाराष्ट्र में 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

उमस से इन राज्यों में होगी असुविधा : मौसम विभाग ने कहा कि उमस के कारण तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और बिहार के लोगों को असुविधा हो सकती है। ओडिशा में 25-27 अप्रैल के दौरान गर्म रात की स्थिति होने की संभावना है। रात के उच्च तापमान को खतनाक माना जाता है, क्योंकि शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है। विभाग के मुताबिक, मध्यप्रदेश, गुजरात, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, मराठवाड़ा, और झारखंड में लू के दिनों की संख्या अधिक होने की आशंका है। कुछ स्थानों पर बीस से ज्यादा लू के दिन हो सकते हैं। तेज गर्मी बिजली ग्रिड को तनाव दे सकती है और इसके चलते देश के कुछ हिस्सों में पानी की कमी हो सकती है।

आम चुनाव-2024 चुनाव में हर कोई आजमा रहा किस्मत, इनमें ईडी-सीबीआई से लेकर सीआईडी-पुलिस में काम कर चुके अफसर भी

विभिन्न पार्टियों से कई सीटों से भाग्य आजमा रहे हैं पूर्व नौकरशाह

नयी दिल्ली : देश में इस समय लोकसभा के चुनाव का माहौल है। ये चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून को खत्म होंगे। लोकसभा के पहले चरण का मतदान हो चुका है, जबकि 26 अप्रैल को दूसरे दौर का मतदान है। इस बीच कई सीटों पर मुकाबले तय हो गए हैं। इस चुनाव में कई ऐसी भी सीटें हैं जहां से पूर्व नौकरशाह चुनाव लड़ रहे हैं।

उत्तर प्रदेश : 80 सीटों वाले राज्य यूपी में भी कई पूर्व नौकरशाह लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चर्चित उम्मीदवारों की बात करें तो सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी सुरेश सिंह मथुरा से चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा से चुनाव लड़ रहे सुरेश सिंह प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भारतीय राजस्व सेवा में काम किया है। इस सीट पर अभी भाजपा से फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं और एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। वहीं, कांग्रेस ने मुकेश धनगर को अपना चेहरा बनाया है। कौशांबी सीट पर बसपा ने पूर्व पुलिस उपाधीक्षक शुभ नारायण गौतम को अपना उम्मीदवार बनाया है। वह 1982 में सब इंस्पेक्टर के रूप में पुलिस में भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज और लखनऊ समेत कई जनपदों में सर्किल अफसर के रूप में काम किया। 2019 में सेवानिवृत होने के बाद वह बसपा में शामिल हो गए। इस चुनाव में शुभ नारायण गौतम का मुकाबला भाजपा के विनोद सोनकर और सपा के पुष्पेंद्र सरोज से है। 2019 में कौशांबी सीट पर भाजपा से विनोद सोनकर को जीत मिली थी।

बिहार : 40 सीटों वाले प्रदेश में आरा एक चर्चित सीट है। पूर्व आईएएस अफसर आरके सिंह लगातार तीसरी बार आरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। आरके सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह 1975 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए थे। अपने करियर के दौरान आरके सिंह ने बिहार के गृह सचिव, राज्य के लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, भारत सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव और भारत के गृह सचिव के रूप में सेवाएं दीं। इस चुनाव में आरके सिंह के सामने भाकपा माले से सुदामा प्रसाद हैं। भाकपा माले राज्य में महागठबंधन में शामिल है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में आरा लोकसभा सीट पर भाजपा के आरके सिंह को जीत मिली थी। चुनाव जीतने के बाद आरके सिंह केंद्र की मोदी सरकर का हिस्सा भी बने।

पंजाब : राज्य की अमृतसर सीट पर भाजपा ने पूर्व राजनयिक तरणजीत सिंह संधू को अपना उम्मीदवार बनाया है। हाल ही में राजनीति में आए संधू अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। पूर्व आईएफएस अधिकारी के सामने आम आदमी पार्टी से मंत्री कुलदीप धालीवाल और कांग्रेस से गुरजीत सिंह औलजा हैं। इस सीट पर अभी कांग्रेस के गुरजीत सिंह औलजा सांसद हैं। बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू चुनाव लड़ रही हैं। वह भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं परमपाल ने वालंटियर रिटायरमेंट की प्रक्रिया को अपना कर चुनावी किस्मत आजमा रही हैं। इस चुनाव में परमपाल कौर सिद्धू के सामने आप से मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, कांग्रेस से जीत महिंदर सिद्धू और शिरोमणि अकाली दल से हरसिमरत कौर बादल हैं। फिलहाल इस सीट पर शिअद की हरसिमरत कौर सांसद हैं।

तमिलनाडु : राज्य में पहले चरण में सभी 39 सीटों पर मतदान हो चुका है। इस चुनाव में तमिलनाडु की एक कोयंबटूर सीट की खूब चर्चा हुई। दरअसल, यहां से भाजपा ने पूर्व आईपीएस के. अन्नामलाई को टिकट दिया था। वर्तमान में वह तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष हैं। अन्नामलाई 2011 बैच के कर्नाटक में एक आईपीएस अधिकारी रहे हैं। बतौर आईपीएस अफसर उन्होंने उडुपी, चिकमंगलूर और बेंगलुरु में सेवाएं दीं। अन्नामलाई के काम के चलते लोग उन्हें 'कर्नाटक पुलिस का सिंघम' कहते थे। राज्य की एक अन्य सीट तिरुवल्लुर पर पूर्व आईएएस अधिकारी शशिकांत सेंथिल की चुनावी किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। सेंथिल कांग्रेस से उम्मीदवार बनाए गए थे। राजनीति में आने के लिए उन्होंने 2019 में सिविल सेवा छोड़ दी थी।

अगर हेमंत भाजपा के वॉशिंग मशीन में धुलने को तैयार होते आज झारखंड में भाजपा के साथ उनकी सरकार होती : दीपिका

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/दुमका। कांग्रेस द्वारा दीपिका पांडे सिंह को पहले गोड्डा लोकसभा का टिकट दिया गया फिर उनका टिकट काटकर प्रदीप यादव को थमा दिया गया। पार्टी के इस फैसले से दीपिका पांडे सिंह नाराज नहीं हैं। मंगलवार को दुमका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपना चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत से लड़ती उससे ज्यादा मेहनत अब प्रदीप यादव के लिए करूंगी और निशिकांत दुबे को रिकार्ड मतों से हराकर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालूंगी। दीपिका पांडे सिंह मंगलवार को एक केस के सिलसिले में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आई हुई थीं, जहां से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष ये बातें कहीं। कोर्ट में उनका मामला 2017 का था, जहां महागामा थाना क्षेत्र में एक सड़क जाम के दौरान हंगामा हुआ था।

विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली की सफलता यह बताती है कि जनता में केंद्र और भाजपा के प्रति कितना आक्रोश है। आज हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने से इनकार कर दिया। अगर वे बात मान लेते तो झारखंड में उनकी भाजपा के साथ सरकार बनती। जब बात नहीं मानी तो गलत मामलों में फंसाकर हेमंत को जेल भेजा, इससे जनता में नाराजगी है और चुनाव में सभी 14 लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की जीत होने वाली है।

दीपिका पांडे सिंह ने गोड्डा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जो विकास के काम गिनाते हैं वह सभी यूपीए- 2 के कार्यकाल में पारित हुए थे। निशिकांत दुबे के सांसद बनने से उन योजनाओं को धरातल पर उतरने में काफी विलंब हुआ. महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकताओं का विश्वास उन पर से उठ चुका है, उनके तानाशाही रवैये से सभी परेशान हैं।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा सीट में उन्होंने 36 संभावित उम्मीदवार को आने वाले दिनों में टिकट दिलवाने के लिये पीठ ठोक रखा है। लेकिन उनकी यह चाल अब जनता की समझ में आने लगी है। उन्होंने चुनाव प्रचार नहीं करने की जो बात कही है इससे पता चलता है कि उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे की हार तय है, यह सीट कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीतने जा रही है।

एक नजर

झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी ने भरा पर्चा

रांची/पश्चिमी सिंहभूम। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने मंगलवार को डीसी ऑफिस पहुंचकर सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरूवा, झामुमो के जिला महासचिव सोनाराम देवगम मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की गीता कोड़ा से होगा।

नामांकन से पहले कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मां दिउड़ी में की पूजा-अर्चना



रांची। इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मंगलवार को रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि दिउड़ी माता रानी पर मेरी अटूट आस्था है। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत की थी।

पलामू प्रत्याशी बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव 24 को करेंगे नामांकन

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रांची। एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन करेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सदस्य सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

रांची में लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को रखें खाली, अतिक्रमण न होने दें : झारखंड हाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे।

रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपायुक्त से एनओसी मांगा गया है। एनओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।

झारखंड हाई कोर्ट ने पूछा, जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

भाजपा चुनाव में हार मान चुकी है : गौतम सागर राणा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हें परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। राणा मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगों के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर के विचारधारा को तोड़ने वाले भाजपा की नफरती मानसिकता को सफल होने नहीं देगी।

इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित की जायेगी। इस दौरान महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार,उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, महासचिव मनोज पांडे,युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी,श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप,सचिव चंद्रशेखर भगत, शालिग्राम पांडेय,शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

झारखंड की आधी आबादी मतदान में आगे, चुनाव लड़ने में पीछे

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य में मतदान में महिला आगे हैं लेकिन चुनाव लड़ने में पीछे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं लेकिन जब चुनाव मैदान में उतरने की बात होती है तो वो पिछड़ जाती हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 महिला प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 23 की जमानत जब्त हो गयी थी।

मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली आधी आबादी जब चुनाव मैदान में खुद उतरती है तो जीत से काफी दूर हो जाती है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य गठन के बाद सर्वाधिक महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने आई थी।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर 25 महिला खड़ी हुई, जिसमें दो ही जीतने में सफल हुई। शेष 23 की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में जिन दो महिलाओं ने जीत का स्वाद चखा उनमें अन्नपूर्णा देवी और गीता कोड़ा शामिल हैं। इसी तरह पूर्व के चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों की स्थिति इसी तरह बनी रही। 2004 में सिर्फ 01 सफल रही उसके बाद के 2009 और 2014 के चुनाव में कोई सफल नहीं हो पाई।

लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनावों में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्य में वर्तमान में 1,25,20,910 महिला मतदाता हैं जो इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इसके अलावा अन्य लोकसभा चुनाव की अपेक्षा महिला प्रत्याशियों की संख्या भी सर्वाधिक होने की संभावना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में चुनाव को लेकर महिलाओं में जागरुकता बढ़ी है, चाहे वह मतदान में भागीदारी हो या खुद चुनाव लड़ने की बात हो। अपेक्षा अनुरूप महिला प्रत्याशियों की जीत कम होने की वजह बताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता श्रेया मल्लिक कहती हैं कि राजनीति में जो भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए वह नहीं हो पाई है। महिलाओं के आरक्षण की बात जरूर होती है लेकिन जो वास्तविक हक मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि महिला चुनावी रण में सफल नहीं हो पाती है।

जिला समादेष्टा का कार्यालय,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग

अति आवश्यक सूचना

लोकसभा चुनाव-2024 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण/चुनाव ड्यूटी हेतु कुल प्रभावी बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को कॉल-अप किया जाना है।

इस कॉल-अप के पूरा करने के लिए हजारीबाग जिला के ऐसे प्रभावी बल के गृह रक्षक जो वर्तमान में कहीं पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त नहीं है को झारखण्ड रक्षा वाहिनी हजारीबाग में अपना आगमन निश्चित रूप से बनाये। चुनाव ड्यूटी अति महत्वपूर्ण ड्यूटी के श्रेणी में आता है, इसमें आगमन नहीं कराने वाले गृहरक्षकों के विरूद्ध नियमावली के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

इसे अति आवश्यक समझें।

आदेशानुसार
ह0/-
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,हजारीबाग

PR 334029 Police(24-25).D

झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में

पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

नवप्रदेश संवाददाता



रांची। राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे।

चुनाव आयोग 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं को युवा मतदाता मानती है इसके तहत यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इन चार संसदीय क्षेत्र में इस उम्र आयु वर्ग में 19 लाख और 38 हजार 241 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार प्रत्येक मतदाता का वोट एक समान है मगर चुनाव के दरमियान यह देखा जाता है कि युवा वोटिंग के प्रति काफी उत्सुक रहते हैं वह न केवल खुद बल्कि परिवार के बुजुर्ग मतदाता को भी मतदान केंद्र पर लाने में सहायक होते हैं। ऐसे में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन चारों संसदीय क्षेत्र में 18 से 29 आयु वर्ग में सबसे अधिक 7 लाख 11 हजार 270 मतदाता पलामू क्षेत्र में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र है, जहां चार लाख 30 हजार 823 युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरने के बाद स्क्रूटनी एवं नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मई को इन चारों संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग(सीआईडी) ने एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के पटना निवासी सुमित कुमार और नवादा का रहने वाला अभय रंजन शामिल है। इनके पास से छह मोबाईल, 11 सिम कार्ड, सात डेविट कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, 3600 रुपये नकद, एक चेकबुक, एक लैपटाप, मामले में शामिल वाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि सीआइडी की साइबर सेल को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिली की साइबर अपराधी एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर फर्जी नंबर से गूगल और न्यूज पेपर में प्रचार देकर ठगी करने का काम कर रहे हैं। जब आम नागरिक प्रचार देखकर दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हैं, तो कंपनी में जॉब के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, 10वीं-12वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो मांग लेते हैं। इसके बाद आईडी वेरिफिकेशन और रजिस्ट्रेशन पंजीकरण के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

कार्यालय-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2024 की गुप्त सूचना के आधार पर आदर्श चेकपोस्ट, मेन रोड, आदर के पास से 08 पीस लाल बोटा सहित एक पीकअप नं0-CG15A3558 को कर्मचारियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्रभारी पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 08.05.2024 को प्रभारी पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्रभारी पदाधिकारी
-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 324017 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

अजय कुमार सिंह, डीजीपी, झारखण्ड व अनुराग गुप्ता, डीजी, सीआईडी ने संयुक्त रूप से मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन एवं उसके व्यवसाय पर नियत्रंण हेतु की समीक्षा बैठक

अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती करने वाले व जमीन मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से मंगलवार को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन तथा उसके व्यवसाय पर नियंत्रण के उद्देश्य से सभी प्रक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा सभी जिलों से विगत पांच वर्षों के एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जप्त (एनडीपीएस) सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में आसूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर देते हुये, हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्त्तमान स्थिति एवं अन्य आवश्यकत्ताओं के संदर्भ में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है को चिन्हित कर खेती करने वाले एवं जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुये कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं बैठक के दौरान महानिदेशक, सीआईडी के द्वारा मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन एवं उसके व्यवसाय पर नियत्रंण हेतु बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी गयी एवं सभी प्रक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक , क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक व सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में आम लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने तथा सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने पर जोर दिये। एनडीपीएस एक्ट में जप्त होने वाले पदार्थों की सूचना तत्काल अपराध अनुसंधान विभाग को देने, एनडीपीएस एक्ट मामलों में लंबित काण्डों की समीक्षा एवं कांडों का निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये।

ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्तियों को जप्त करने की कार्रवाई पर जोर दें

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स द्वारा अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही एनडीपीएस से संबंधित मामलों में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारियों, एवं सहायकों की विवरणी ,एनडीपीएस के संबंध में पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण की स्थिति, भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाओं की बरामदगी तथा संबंधित इनामों की वर्त्तमान स्थिति ,आरोपियों के लिए गए फिंगर प्रिंट की स्थित्ति ,एनसीबी के ''निदान पोर्टल'' के उपयोग एवं अपलोडिंग की स्थिति एवं एनसीओआरडी समिति का गठन करते हुये जिला स्तर पर मासिक बैठक आयोजित करने का सुझाव दिये एवं जिला के सभी अवैध मादक पदार्थ के आरोपियों के विरूद्ध डोसियर खोलने एवं निगरानी रखने का सुझाव दिया।

इस बैठक में पुलिस मुख्यालय से अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, अनुराग गुप्ता, महानिदेशक, अप अनुसंधानविभाग, डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अखिलेश झा. पुलिस महानिरीक्षक, रांची, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, कार्तिक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अनुरंजन किसपोट्टा, पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सभी प्रक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

करोड़ो का डोडा बरामद, हरियाणा का अफीम तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने नामकुम इलाके से करोड़ो का डोडा बरामद करते हुये हरियाणा के तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया तस्कर हरपाल सिंह (मंडी यादमपुर, थाना-यादमपुर जिला- हिसार, राज्य-हरियाणा) के पास मोबाइल , ट्रक , डोडा- 3950 किग्रा,चालक का ड्राईविंग लाईसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड , पैन कार्ड, हरपाल सिंह का वोटर कार्ड ,आधार कार्ड , वीजा कार्ड और प्लेटीनम कार्ड जब्त की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक अफीम लदा ट्रक (एसआर62-7267) के आने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसमें त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम, राँची के नेतृत्व में पुनि सह थाना प्रभारी नामकुम, पुनि सह थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग एवं क्युआरटी बल को शामिल करते हुए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा प्राप्त सूचना का त्वरित सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चैकिंग लगाकर ट्रक को पकड़ा गया। वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर ट्रक में अफीम डोडा से भरा हुआ 158 प्लास्टिक बोरा पाया गया। मौके पर वाहन चालक सह मालिक हरपाल सिंह को विधिवत गिरफ्तार करते हुये डोडा सहित ट्रक को विधिवत जप्त किया गया। पुलिस पूछताछ में चालक हरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि उक्त डोडा को खूंटी व ग्रामीण क्षेत्रों से लोड कर खूँटी से राँची होते हुए जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। जिसके बाद ट्रक चालक सह मालिक हरपाल सिंह , अशोक कुमार, जोधपुर एवं अन्य 04-05 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अवैध डोडा ले जाने तथा उसका व्यापार करने के आरोप में नामकुम थाना एफआईआर दर्ज किया गया और चालक चालक सह मालिक हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध अनुसंधान जारी है। पुछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त राजस्थान अफीम तस्करों के सम्पर्क में रहकर अवैध व्यापार में संलिप्त है।

पुलिस टीम में अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम, राँची, ब्रहादेव प्रसाद, पुनि सह थाना प्रभारी, नामकुम, मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, चुरामणी टुडू, प्रभारी खरसीदाग ओपी, पुअनि जयदेव कुमार सारक,पुअनि प्रवीण कुमार, पुअनि सतीश पाण्डेयसहित क्युआरटी की टीम शामिल थी।

जगन्नाथपुर इलाके से अवैध हथियार व गोली सहित दो गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। जगन्नाथपुर थाना की पुलिस ने अवैध हथियार व गोली सहित दो अभियुक्त गुजराल कुमार सिंह (ओरंगाबाद,बिहार) और गुड्डू चौधरी(आरा ,बिहार) को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। पुलिस ने गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों के पास से एक की एक नाली बंदूक, पांच गोली फर्जी आर्म्स लाईसेंस, मोबाइल व आधार कार्ड जब्त की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बैग में हथियार एवं गोली लेकर ब्रिकी के लिये घुम रहे हैं। उक्त सूचना पर टीम गठित कर हटिया रेलवे स्टेशन के पास से दो व्यक्ति के पास से एक 12 बोर का एक नाली बन्दूक और पांच गोली , फर्जी हथियार का लाईसेंस जो लखनऊ और गया का बना हुआ व अन्य सामान बैग पिठु मोबाईल बरामद कर मौके पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त बिहार के औरंगाबाद और आरा जिला के रहनेवाले है। पुलिस टीम में पुनि सह थाना प्रभारी एच डी प्रसाद, पुअनि राजीव कुमार रंजन,पुअनि राजेन्द्र कुमार राणा, पुअनि अशोक प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

बिहार एसटीएफ ने रांची से एक अपराधी को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा करके निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वांरट भी जारी था। वह फिलहाल रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम बस्ती में छुपकर रह रहा था। एसटीएफ ने तकनीकी इनपुट पर आरोपित को रांची से गिरफ्तार किया। आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे पकड़ लिया। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमित पांडेय हर दिन की तरह आज भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब 11.30 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास खड़ी थी। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया। उसी दौरान एसटीएफ टीम ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर नामकुम थाना ले गयी।

237 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद, चार गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने मादक पदार्थ के गिरोह के चार सक्रिय सदस्य मतिउल रहमान (मस्जिद टोला पुन्दाग थाना पुन्दाग ओपी), फैजल अंसारी उर्फ बावला (खक्सी टोला थाना पुन्दाग ओपी) , दानिश खान (कडरु हज हाउस, थाना-अरगोड़ा) और रिजवान (जामा मस्जिद मोहल्ला थाना पुन्दाग ओ०पी०) जिला रांची को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से कुल 237 पुडिया ब्राउन शुगर (कुल वजन 27.71 ग्राम), कुल नगद 48 सौ रुपया,चार स्मार्ट मोबाइल , एक सवारी टेम्पु और एक एवेन्जर बाइक बरामद की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को पुन्दाग ओपी अन्तर्गत मादक पदार्थों विशेषकर ब्राउन सुगर के गिरोह से संबधित गुप्त सूचना मिली थी। जिसमें प्रमोद कुमार मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक, हटिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर, जाफर टोली, पुराना सामुदायिक भवन में चार युवकों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जाँच के क्रम में मतिउल रहमान , फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान और रिजवान के पास से क्रमशः 113 पुड़िया, 37 पुड़िया, 72 पुड़िया, 15 पुड़िया सहित कुल 237 पुड़िया ब्राउन सुगर के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया । इनके पास से मोबाईल फोन, सवारी टेम्पो, मोटरसाईकिल व 48 सौ रूपये भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुडे होने की बात प्रकाश में आयी है। पुलिस टीम में प्रमोद कुमार मिश्रा(डीएसपी, हटिया), कृष्णा कुमार तिवारी(प्रभारी,पुंदाग ओपी), पुअनि निर्मल महतो, मपुअनि निशा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है: एसडीओ

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। स्वीप के तहत जिले में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र, छात्राओं द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात फेरी निकालने के दौरान छात्र,छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा की कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट, 25 मई देना है, देना है वोट। साथ ही मतदाताओं से छात्राओं ने कहा देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाते हुए वोट जरूर करें।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करती है, इसलिए मतदान जरूर करें। आपने वोट की ताकत का प्रयोग करें।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा विशेष रूप से कहा गया की यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है, जिससे मतदाता जागरूक एवं जिम्मेवार बने और मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर मतदान बूथों में जा कर मतदान करें। देश को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाए।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा लगातार शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण किया जा रहा है। वह तमाम प्रयास किए जा रहें है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढे। उनके द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैंडल मार्च, प्रभात फेरी, लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण, बीएलओ के साथ बैठक, मिडिया के जरिये मतदान की अपील, पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव से जुड़े तमाम पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

वनांचल एक्सप्रेस से 12 लाख 66 हजार का प्रतिबंधित सिरप बरामद, तीन गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर बनाई गई आरपीएफ की फ्लाइंग टीम के साथ सोमवार को आरपीएफ पोस्ट रांची साथ मे स्वापक नियंत्रण ब्यूरो(एनसीबी) द्वारा आरपीएफ निरीक्षक सुमन कुमार झा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सूरज पांडे तथा अन्य लोगों को ट्रेन संख्या 13403 वनांचल एक्सप्रेस में ऑपरेशन नार्कोस के अंतर्गत रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गई। इस चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्ति एक कोच के बाहर बैठे मिले, पूछताछ में उन्होंने अपना अपना नाम जिल्ला,अरुण और अजय (पता-हनुमानगंज, जिला सुल्तानपुर उत्तरप्रदेश,) बताया। टीम द्वारा तीनों व्यक्तियों के बैग चेक करने पर उसमे 1266 प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया। जिसका अनुमानित कीमत 12 लाख 66 हजार रुपये है। टीम द्वारा की गई पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह उत्तरप्रदेश से लेकर बंगाल में अधिक कीमतों पर बेचने जा रहे थे। बाद मे मौके पर ही एनसीबी रांची की टीम ने आरपीएफ रांची की सहायता से बरामद सामग्रियों को जप्त करते हुये तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एक नजर

जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों की रिमांड अवधि छह दिन बढ़ी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ के लिए फिर से सात दिनों की रिमांड मांगी। इस पर कोर्ट ने छह दिनों (29 अप्रैल) तक के लिए रिमांड अवधि बढ़ा दी। इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी की थी। साथ ही लंबी पूछताछ के बाद देर शाम चारों को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी दी थी। इसी आधार पर ईडी ने इन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। अब तक की पूछताछ में ईडी को इनसे कई अहम जानकारियां मिली हैं।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

रांची। पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन -तीन साल की सजा सुनाई है ।दोनों धारा की सजा साथ- साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है। 22 अप्रैल 2018 को नाबालिग को उसके गांव से पढ़ाने के नाम पर रांची लाया था और उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।

निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

चालकों की स्थिति में काफी सुधार होगी: रमाशंकर सिंह

रांची। सामलौंग के समीप गांव रेस्टोरेंट में टाटा मैजिक की नई अवतार सीएनजी वेरिएंट्स लॉन्च कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर टाटा मोटर्स एवं बुधिया एजेंसी के अधिकारी व झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के पदाधिकारी राम कुमार सिंह और सचिव रमाशंकर सिंह शामिल थे। महासंघ के दोनों पदाधिकारियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह कहा कि सीएनजी लांच होने से हमारे चालकों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगी।

रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

रांची। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

रांची। राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मधु रानी, सरिता देवी, संतोष मित्रा सहित अन्य हैं।

निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने भरा नामांकन पत्र

खूंटी(हि.स.)। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ जिला निवार्ची कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके पूर्व अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने माता सोनमेर मंदिर और बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। नामांकन के दौरान खूंटी, तोरपा, माड़, अड़की, सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, गुमला सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों भाजपा और आजसू कार्यकताओं का हुजूम उमउ. पड़ा था। नामांकन कें बाद अर्जुन मुंडा ने मीरा मुंडा, बाबूलाल मरांडी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और सुदेश महतो के साथ कच्चरी मैदान से पतरा मैदान तक रोड शॉ किया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा

समर्थकों ने भाग लिया।

भारत का मस्तक ऊंचा रखना है, देश में नरेंद्र मोदी जैसा तपस्वी प्रधानमंत्री : राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराट्रीय मंच पर भारत का मस्तक ऊंचा रखना है तो हमें नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी पुरुष को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, जिन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का प्रतिफल ही है कि आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना परिवार बनाने के लिए राजनीति करते हैं जबकि हम देश व समाज बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। हमेशा से हिंदू मुस्लिम के नाम पर बटवारा करने वाले कांग्रेसियों ने देश की सामाजिक समरसता को तार तार करने का काम किया। वे लोगों में भय पैदा कर वोट हासिल करना चाहते हैं, जबकि हम लोगों की सेवा कर उनका वोट प्राप्त करते हैं।

उन्होंने विपक्ष पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री बने। हमारे तीनों मुख्यमंत्री के दामन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा वहीं यहां के पूर्व सीएम तो डेढ़ दिन तक गायब रहे, जो मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि विपक्षी

हमेशा से जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करते हैं जबकि हम जनता की आंखों में आंखें डालकर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार इस सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान देने के साथ ही ऊपर उठाने का काम बीजेपी कर रही है। उन्होंने लोगों से इस बार अर्जुन मुंडा को तीन लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर अर्जुन मुंडा इतने मतों से विजयी होते हैं तो खूंटी की जनता का अभिवादन करने मैं खुद यहां आऊंगा।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है ,हमें उसे हकीकत में बदलना है। उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है। यह नामांकन खूंटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है । यह नामांकन भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूंटी बनाने के लिए है। यह नामांकन मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए है । यह नामांकन खूंटी के महिलाओं के सम्मान के लिए है । यह नामांकन मेरे युवा भाइयों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए है।

यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है : सुदेश

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है। इस चुनाव से हम देश के नेता का चयन करेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जैसे लोकप्रिय नेता का हमें फिर से चयन करना है। वहीं खूंटी से हमें मुंडा जी को चुनकर भेजना है, जो मोदी जी के साथ काम करेंगे, उन्हें रिकॉर्ड मतों से हमें जिताना है।

आप सांसद नहीं चुन रहे हैं बल्कि एक मंत्री चुन रहे हैं : मरांडी

ाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में 14 में 14 सीटें जीतने का काम करना है। आज विपक्ष के बारे में आप सभी लोगों को पता है, इनलोगों ने लूट मचा रखी है। बालू -पत्थरों की लूट मचा रखी है। दूसरी ओर हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत के निर्माण की बात करते हैं तो विपक्ष के लोग अपने परिवार के विकास की बात करते हैं। खूंटी की जनता अर्जुन मुंडा को जिताकर फिर से कमल खिलाने का काम करेगी।

बस और ओमनी कार की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल, दो रिम्स रेफर

संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग हाठु मोड़ के समीप बस और ओमनी कर की जोरदार टक्कर में ओमनी कर में सवाल एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना मंगलवार की दोपहर की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे पीसीआर 5 के एएसआई भैयाराम लकड़ा, हवलदार गणेश गोप, सुलेचन्द उरांव व चालक सीताराम बड़ाइक ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां घायलों की पहचान खलारी गांव निवासी 70 वर्षीय राम अवतार केसरी पिता स्वर्गीय गोविंद साव, 65 वर्षीय

बतिया देवी पति राम अवतार केसरी, 45 वर्षीय सरिता देवी पति अजय केसरी, 35 वर्षीय मंजू देवी पति कैलाश केसरी और लगभग 40 वर्षीय कैलाश केसरी पिता माधव साव के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद अपना इलाज करा रहे बतिया देवी ने बताया कि वे सभी परिवार ओमनी कर में सवार होकर बेड़ो की ओर से होते हुए गुमला जिला के भरनो शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। इसी दौरान गुमला की ओर से बेड़ो की ओर जा रही जयबाला नमक बस ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में सड़क दुर्घटना में घायल सभी लोगों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल राम अवतार केसरी और सरिता देवी को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर मौजूद स्वास्थ्य सहिया सह बेड़ो की पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने सभी घायलों का उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल को रांची रिम्स भेजने में मदद की।

अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को कई संस्थाओं ने किया सम्मानित

पूरे देश में झारखंड एवं समाज का गौरव बढ़ा है: ललित पोद्दार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान मे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह मे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा मे सफलता हासिल करने वाले अग्रवाल समाज के युवा अग्राणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल और रांची की सुश्री हर्षिता चामरिया को सम्मानित किया गया। मारवाड़ी समाज के कई संस्थाओं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल युवा सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, मारवाड़ी युवा महिला मंच समर्पण शाखा,के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारीयों ने अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं साथ मे उनके माता-पिता को भी पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह का अध्यक्षता रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने करते हुए कहा कि अमन अग्रवाल एवं हर्षित चामरिया ने भारतीय सिविल सेवा में सफलता प्राप्त कर संपूर्ण मारवाड़ी अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। तथा पूरे देश में झारखंड एवं समाज के गौरव को बढ़ाया है। मौके पर अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया ने सम्मान मिलने पर बहुत ही प्रफुल्लित होते हुए सभी को धन्यवाद देते हुए सबो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए व्यक्ति को खुद पर भरोसा होना चाहिए। तथा सफलता के लिए धैर्य, मेहनत, संघर्ष की क्षमता, निष्ठा, सकारात्मक सोच तथा अपनी क्षमताओं का सही तरीके से उपयोग करना है। तथा अपने लक्ष्य को एकदम स्पष्ट रखें।

प्रतिभा सम्मान समारोह का संचालन रांची मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने की। तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने किया।

महामंत्री विनोद कुमार जैन ने अमन एवं हर्षिता तथा उनके पूरे परिवार को सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके सफलता से पूरे समाज का मान बढ़ा है तथा समाज मे खुशी की लहर है। इस अवसर पर नंदकिशोर पाटोदिया, पवन शर्मा, रमन वोडा, अशोक नारसरिया, अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी, विनोद कुमार जैन, सौरभ बजाज, आशीष अग्रवाल, पवन पोद्दार, संजय सर्राफ, श्याम सुंदर गोयल, आनंद गोयल, मनोज अग्रवाल, सोनित अग्रवाल, रोहित सरावगी, निर्मल बुधिया, आनंद जालान, प्रमोद अग्रवाल, विनीता सिंघानिया, बबीता अग्रवाल, मुकेश काबरा, बबलू हारित, अमरजीत गिरधर, सुनील पोद्दार, रमाशंकर बगड़िया, चौधरी जी, किशन गोयल, आशीष डालमिया, नीरज भट्ट, आदि के अलावे बड़ी संख्या मे सदस्य गण उपस्थित थे।

कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकिज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाए सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है। अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है।

अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से खतरा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य में कांग्रेस के चार प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से ही खतरा है। कई जगहों पर कार्यकर्ता खुलकर पार्टी प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। इसकी झलक पिछले दिनों रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भी देखने को मिली। उन्हें चुनाव मैदान में प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले से पहले बगावत और भितरघात की चुनौती से जूझना होगा।

झारखंड में इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कांग्रेस के हिस्से 14 में से सात सीटें आई हैं। इनमें चार सीटों चतरा, गोड्डा, धनबाद और लोहरदगा में उम्मीदवारी घोषित किए जाने के बाद सामने आ रही प्रतिकूल रिपोर्टों की वजह से कांग्रेस नेतृत्व चिंतित है। भाजपा की तरह गोड्डा सीट पर तो पार्टी को उम्मीदवार बदलना पड़ा है। चतरा सीट पर भी गठबंधन से बगावत की तेज लहर की वजह से घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर उसकी जगह दूसरा चेहरा देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

बीते 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली के दौरान चतरा से कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थकों और विरोधियों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए थे और रैली में कुछ वक्त के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज के रहने वाले हैं। उन्हें चतरा सीट पर उम्मीदवार बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं का एक समूह तो नाराज है ही, गठबंधन की दूसरी पार्टी राजद के नेता-कार्यकर्ता खुलेआम बगावत पर उतर आए हैं। साथ ही चतरा के स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इस सीट पर राजद की भी प्रबल दावेदारी थी लेकिन कांग्रेस ने यहां अपना उम्मीदवार उतार दिया।

गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने पहले महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाया था। उनकी उम्मीदवारी घोषित होते ही देवघर और गोड्डा में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिला कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नेताओं-कार्यकताओं ने सामूहिक इस्तीफे तक की धमकी दे दी। आखिरकार पांच दिन बाद पार्टी ने यहां दीपिका की जगह पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

कांग्रेस के जामताड़ा क्षेत्र के विधायक डॉ. इरफान अंसारी इस सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी को टिकट देने की मांग कर रहे थे। फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी का कहना है कि पार्टी ने पूरे राज्य में एक भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया जबकि उनकी आबादी 18 फीसदी है। ऐसे में प्रदीप यादव के सामने दो विधायकों दीपिका पांडेय सिंह एवं इरफान अंसारी और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की बड़ी चुनौती है। धनबाद सीट पर कांग्रेस ने दिग्गजों की दावेदारी को दरकिनार कर अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। उनका इस चुनाव के पहले सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रहा। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बोकारो जिले के बेरमो से कांग्रेस की विधायक जयमंगल सिंह सिर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं। बोकारो और धनबाद में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं का एक समूह उनकी उम्मीदवारी का विरोध कर रहा है। इससे संबंधित तस्वीर भी सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रही है। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर झामुमो भी दावेदारी कर रहा था। अब खबर है कि विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा यहां बागी प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतर रहे हैं। पिछले चुनाव में भी सुखदेव भगत और चमरा लिंडा दोनों मैदान में थे और दोनों के बीच वोटों के बंटवारे से भाजपा के प्रत्याशी की जीत की राह प्रशस्त हो गई थी। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के फिर से मैदान में आने पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ेंगी।

एक नजर

आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाए सवाल

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है। अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है। अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

हनुमान जी के आराधना से जीवन के सारे कष्ट दूर होते है : आदित्य विक्रम जयसवाल

रांची। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने चुटिया स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान जी का झंडा लगाया एवं भोग वितरण करवाया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब हर शनिवार को राँची के हर एक मंदिर में आरती एवं भोग वितरण किया जाएगा, यह कार्यक्रम सनातन सशक्तिकरण, एकता एवं हिंदुत्व को बढ़ावा मिले इसके लिए किया जाएगा। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में हो रहे अनिल जी के बेटी के विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। आदित्य विक्रम जयसवाल ने हनुमान जयंती पर समस्त प्रभु श्री राम एवं हनुमान जी के भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पवनपुत्र सबों के जीवन में सुख शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। हनुमान जी का समर्पण भाव सनातन धर्म के समस्त युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर पंडित जी गोकुल दास, अनिल सिंह, कृष्णा सहाय, संजीव महतो, गुजा तिरकी, भोला नायक, पप्पू राम, पाजी छोटू सिंह, रौनक कुमार, रवि श्रीवास्तव, वीजेंद्र सिंह, हरमींदार रजक, वीरू साहू, रिकी सिंह, सुनील सिंह, रवि सिंह, रवि लोहरा आदि लोग मौजूद थे।

टाटी में शहीद जीतराम बेदिया का शहादत दिवस मनाया गया

अनगड़ा। शहीद जीतराम बेदिया कागलवार को टाटी में शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि टाटी के मुखिया रामानंद बेदिया ने कहा कि शहीद कि जाती या धर्म से परे होता है।शहीद जीतराम बेदिया कि जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने कि जरुरत है। कार्यक्रममें टाटी और सिंगारी स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। इससे पूर्व अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कंचन बेदिया, अनुप सिंह मुंडा, बीरबल बेदिया, महाबीर बेदिया, सुमन बेदिया आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने ईरबा के सपाही नदी से अधेड़ व्यक्ति का बरामद किया शव, हत्या की आशंका

ओरमांझी: ओरमांझी थाना की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे थाना क्षेत्र के डहु और ईरबा गांव के बीच सपाही नदी से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है।अधेड़ व्यक्ति की पहचान ओरमांझी थाना क्षेत्र के डहु गांव निवासी 47 वर्षीय अशेशवर महतो पिता सूरजनाथ महतो के रूप में की गई है।शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।चेहरे और सिर पर चोट के निशान थे।आशंका जताई जा रही है कि अशेशवर की हत्या अन्यत्र कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर फेंक दिया होगा।इस संबंध अशेशवर के चचेरा भाई नागेशवर महतो ने ओरमांझी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अशेशवर महतो मंगलवार की सुबह सात बजे ही अपने घर से निकला था।बताया जाता है कि गांव के लोगों ने देखा कि नदी में एक शव पड़ा हुआ है।पुलिस मामले की छान-बीन कर रही है।

प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान ही हमारा लक्ष्य : बीडीओ

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के तुको गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय व ईंटा चिल्द्री गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बैठक के आयोजन का उद्देश्य यह है कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। समीक्षा के माध्यम से हम इस बात से भली भांति अवगत हो सकते हैं कि हमारी तैयारी में अब तक क्या कमी रह गई है उसे समय रहते पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा आम चुनाव की समस्त प्रक्रिया प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।आम निर्वाचन में सहयोग की भावना देश के प्रत्येक नागरिक का भी है। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। बीएलओ सहित सभी कर्मियों और जिम्मेदार लोगों से उन्होंने मतदान शत प्रतिशत सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर उन्होंने इन सेक्टरों में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा की तथा आवश्यकता के अनुसार कई निर्देश दिए।मौके पर बीपीओ संजय तिर्की,पुरुषोत्तम भाई पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि ग्रामीण, सहित अन्य मौजूद थे।

अभिनेता पवन सिंह के रोड शो में देखने के लिए उमड़ा जन सैलाब

नवप्रदेश प्रतिनिधि : काराकाट लोकसभा चुनाव के निर्दलीय उम्मीदवार भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह रोड शो के दौरान मंगलवार को 5 बजे डेहरी स्टेशन रोड पहुंचे।जहां पर पहले से मौजूद समर्थकों एवं स्थानीय लोगों ने फुल माला पहना भव्य स्वागत किया। जहां भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह का एक झलक पाने के लिए बेताब थे। पवन के आते ही पवन सिंह जिंदा बाद नारे गुजने लगे। रोड शो के दौरान उमड़ी सैलाब को संभालने में पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी।पवन सिंह का काफिला जब गेमन पुल सोन नगर के लिये पार कर गया तब जाकर प्रशासन ने चैन की सांस ली। बीडीओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी त्रिवेदी पुलिस निरीक्षक सह डेहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार,पुलिस निरीक्षक सह इन्द्रपुरी थानाध्यक्ष मनीष कुमार अपने पुलिस बल के साथ काफी सक्रिय देखे गए। रोड़ शो में उमड़ी जनसैलाब को ले लोगों की प्रतिक्रिया भी होने लगी है। हर कोई भिड़ में युवाओं का सैलाब को देखने की ललक तो कोई इसे वोट मे भी तब्दील कर आकने लगा है। खैर जो भी हो यह आने वाला समय ही बताएगा कि उमड़ी जनसैलाब वोट मे तब्दील हुआ की हवाई रह गया। मौके पर स्वागत करने वालों में कक्कू खान, दानिश खान, संवेदक चिटू सिंह, नंदन गुप्ता, उद्रेश्वर प्रसाद गुप्ता, दिग्विजय सिंह, दीपक सिंह, अनीश कुमार सिंह, चंदन गुप्ता, अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, सहित अन्य लोग शामिल थे।

बिहार के 4 लोकसभा सीट पर हुए चुनाव और जनता की मूड को लेकर प्रशांत किशोर का बड़ा बयान, कहा

बिहार में लालू, नीतीश, तेजस्वी से त्रस्त हो चुके हैं प्रदेश के लोगः प्रशांत

नवप्रदेश प्रतिनिधि

पटनाः जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बदलाव की बात करते हुए कहा कि बिहार की जनता का मूड अगर समझा जाए तो सूबे की जनता नया विकल्प चाहती है। हालांकि, वो विकल्प कौन है अभी हाल-फिलहाल में ये नहीं बताया जा सकता है। बिहार में आप कहीं भी चले जाइए लोग नीतीश कुमार और लालू यादव के 32 सालों के शासन से इस हद तक झेल चुके हैं कि जनता का कहना है कि उन्हें नया विकल्प चाहिए। बिहार की जनता भाजपा और महागठबंधन दोनों दलों के अलाएंस से त्रस्त हैं। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बिहार में अगर सर्वे कराकर देखेंगे तो पचास प्रतिशत लोग एक नई विकल्प चाहते हैं। लेकिन वो विकल्प कौन होगा और कैसा होगा, इस पर व्यापक स्तर पर सकारात्मक बहस जरूर होनी चाहिए। बिहार की जनता यहां के तीनों दलों से विमुख हो चुकी है। क्योंकि पिछले दस वर्षों में यहां के लोगों की किसी भी स्तर पर तरक्की नहीं हुई है और बिहार सभी मानकों पर, चाहे शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास में से किसी पर भी प्रगति नहीं कर पाया है और आज भी देश का सबसे गरीब राज्य है।

बाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर भी हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

नवप्रदेश प्रतिनिधि

बेतिया : पश्चिम चंपारण जिले की लोकसभा बाल्मीकि नगर सिट संख्या एक से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रह चुके प्रवेश मिश्रा ने पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया है बताते चले की अभी तक काराकाट, सिवान तथा पूर्णिया से पार्टी से विरोध करते हुए निर्दलीय चुनाव मैदान में प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं अब ऐसी हालत में जहां बाल्मीकि नगर सिट से प्रवेश मिश्रा का चुनाव लडने कि घोषणा किये जाने से चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय होने कि संभावना बढ़ चली है जहां इस सीट पर एनडीए गठबंधन से जद यू के वर्तमान सांसद सुनील कुमार अपने पिता स्व बैधनाथ महंतों एवं नितिश कुमार तथा मोदी फैक्टर पर चुनाव जिताने कि आश लगाए बैठे हैं वही इंडिया गठबंधन से राजद से बगहा चीनी मिल के मालिक दिपक यादव अपने क्षेत्र में किए गए सामाजिक कार्य एव पुर्व में उप मुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को दिए गए रोजगार के आधार पर जीत होने के दावे कर रहे हैं ऐसी हालत में प्रवेश मिश्रा द्वारा निर्दलीय चुनाव लड़ने का घोषणा किए जाने कही न कही इसका असर महागठबंधन के प्रत्याशी पर पड़ सकता है वैसे भी इस क्षेत्र में ब्राह्मणों की एक खास आबादी है जो निर्णायक भूमिका अदा करतीं हैं

बेतिया लोकसभा से होगा त्रिकोणीय मुकाबला

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया : बेतिया लोकसभा सीट से इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने की पूरी संभावना है जहां एनडीए गठबंधन से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में वर्तमान सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल चुनावी मैदान में है वहीं महागठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी नजर आ रहे हैं वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चर्चित यूट्यूबर पत्रकार मनीष कश्यप चुनावी मैदान में पूरी तरह उतरने को तैयार एक और देखा जाए तो जहां वर्तमान सांसद से आम जनता उनके कार्यों से पूरी तरह असंतोष है आम जनता मुकेश माझी, सुरेश प्रसाद, रमेश बरनवाल, मोहन राम, विनोद कुमार आदि का कहना है कि वर्तमान सांसद सिर्फ पार्टी और नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव जितते आ रहें हैं जबकि उनकी कोई अपनी पकड़ आम जनता पर नहीं है सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के बीच नजर आते हैं तो एक तरफ पूर्व विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी एक मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं एवं जनता के बीच इनकी जमीनी पकड़ काफी हद तक मानी जाती है वहीं युवाओं के दिल पर अपनी पकड़ रखने वाली मनीष कश्यप जहां बेतिया लोकसभा के विभिन्न गांव का दौरा कर जिस प्रकार सभाये कर रहे हैं और उनको सुनने देखने के लिए लोगों की जो भीड़ उमड़ रही है उसे भी कम आका नहीं जा सकता है इतना तो तय है कि इस बार बेतिया लोकसभा में त्रिकोणीय मुकाबला होने से चुनाव में कहां नहीं जा सकता है आखिरकार ऊंट किस करवट बैठेगा वैसे देखा जाए तो इस चुनाव में जातीय समीकरण भी बहुत मायने रखता है जहां कुछ जातियों में राजनीतिक पार्टियों द्वारा इस बार प्रत्याशी नहीं बनाए जाने को लेकर भीतर ही भीतर नाराजगी भी चल रहा है उसका खामीयाजा वैसे दलों को भुगूतना पड सकता है और जो राजनीतिक दल ऐसे जातियों को टिकट बंटवारे में प्रधानता दी है उन्हें इसका लाभ भी मिलने की संभावना है खैर अब देखना है कि इस चुनाव में क्या मोदी मैजिक काम करता है या तेजस्वी का जादू या कहे तो मनीष कश्यप का अंदाज जो अभी अतीत के गर्भ में है।

भाई ही बना भाई का दुश्मन आपसी विवाद में गोली मारकर हत्या

नवप्रदेश प्रतिनिधि

आराः भोजपुर जिले में जमीनी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है और एक बार फिर से इस विवाद में भाई ही भाई का दुश्मन बन गया जहां की रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी ही भाई की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि गढ़ानी थाना क्षेत्र के बड़ौडा गांव के रहने वाले लियाकत अली की उनके ही भाई जुमेराती मियां ने लाइसेंसी हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी रिश्ते में दोनों सहोदर भाई थे और वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के निम टोला मोहल्ले में एक शादी समारोह हमें अपने बहन के यहां आए हुए थे तभी बड़े भाई ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी मच गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है वहीं भाई की हत्या करने के बाद आरोपी भाई वहीं बैठा हुआ था जिसको की हत्या में प्रयुक्त बंदूक के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया घटना के संदर्भ में पीरों के अनुमंडल पुलिस पर अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद में भाई ने ही भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन की जा रही है वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और परिवार में कोहराम मच गया है इधर मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों भाई के बीच में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था उसी में एक भाई ने दूसरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।

धूमधाम से मनाया गया बाबू कुंवर सिंह का विज्योत्सव समारोह

नवप्रदेश प्रतिनिधि

आराः 1857 के महानायक वीर बांकुरा बाबू कुंवर सिंह का आज विज्योत्सव समारोह की धूम मची हुई है कृतज्ञ देश आज बाबू कुंवर सिंह को नमन कर रहा है वही इसको लेकर पूरे भोजपुर जिले में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है वही इस समारोह को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाता है आरा के वीर कुंवर सिंह पार्क स्थित बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर भोजपुर के जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक समेत कई गण्यमान लोगों ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दिया इस मौके पर वीर कुंवर सिंह पार्क को दुल्हन की तरह सजाया गया है और पार्क के बीच पोखर के बीचो-बीच अवस्थित बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनको नमन किया वही इस विज्योत्सव समारोह पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं बाबू कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ तलवार उठाया था और अंग्रेजों के साथ लड़ाई में उनके दांत खट्टे कर दिए थे वैसे भी आज उनकी वीरता के किस लोगों की जुबान पर मौजूद है क्योंकि सभी लोग आज भी उनको याद करते हैं तो उनके मुंह से निकल पड़ता है कि 80 वर्षों की हड्डी में वह जागा जोश पुराना था सब कहते हैं वीर कुंवर सिंह बड़ा वीर मदार्ना था अंग्रेजों के साथ हुई लड़ाई में गोली लगने से अपने क्षतिग्रस्त बाकू बाबू कुंवर सिंह ने तलवार से कटकर मां गंगा को समर्पित कर दिया था वही आज 23 अप्रैल के मौके पर कृतज्ञता के साथ उनका लोग नमन कर रहे हैं आर के वीर कुंवर सिंह पार्क में माल्यार्पण के बाद जिलाधिकारी ने झंडा तोलन किया इस मौके पर स्कूली बच्चों ने उनकी याद में गीत प्रस्तुत किया।

30 बेडों का हुआ सदर अस्पताल का पोषण पुनर्वास केंद

बच्चों में बढ़ते कुपोषण को देख पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में बढ़ाई गयी बिस्तरों की संख्या

नवप्रदेश प्रतिनिधि

सासाराम। कुपोषण को दूर करने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति लगातार प्रयासरत है। इसके लिए सदर अस्पताल में बनाए गए पोषण पुनर्वास केंद्र पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। साथ ही बच्चों के गुणवत्तापूर्ण पोषण पर ध्यान दिया जा रहा हैं। जिले में बच्चों में बढ़ते कुपोषण को देखते हुए सदर अस्पताल स्थित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) में बेड़ों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। पहले 20 बेड़ों वाला एमआरसी को संचालित किया जाता है लेकिन बढ़ते बच्चों को देखते हुए इसे बढ़ते हुए 30 बेड का एनआरसी कर दिया गया है। बच्चों को कुपोषित होने से बचाने के लिए बच्चे के जन्म से पूर्व और जन्म के बाद तक रखरखाव के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी पूरी तरह से स्वस्थ हो। आंगनवाड़ी केंद्रों से लेकर सरकारी अस्पतालों तक सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चे के जन्म से पूर्व गर्भवती मां एवं बच्चे के जन्म के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को बेहतर पोषण मिले इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। इन्हीं योजनाओं के तहत सरकारी अस्पतालों में अति कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए (एनआरसी) पोषण पुनर्वास केंद्र का निर्माण कराया गया है जहां अति कुपोषित बच्चों को बेहतर रखरखाव और उचित पोषण के माध्यम से उनका देखभाल किया जा सके।

एक साल में 150 कुपोषित बच्चे हुए भर्ती

गर्भवती महिलाओं में जागरूकता की अभाव की वजह से बच्चों में कुपोषण बढ़ता जा रहा है। गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाएं उचित आहार नहीं ले पा रही है जिस वजह से बच्चे कुपोषित हो रहे हैं। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में एनआरसी में जहां 82 बच्चों को भर्ती कराया गया था वही वर्ष 2023-24 में 150 कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करा कर उन्हें पोषित किया गया। जिले में आईसीडीएस और आरबीएसके को कुपोषित बच्चों को नोटिफाई कर एनआरसी में भर्ती कराने का जिम्मा दिया गया है।

कुपोषित बच्चों का बेहतर इलाज

एनआरसी के नोडल पदाधिकारी डीपीसी संजीव मधुकर ने बताया कि जिले में लगातार कुपोषित बच्चे मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चों को नोटिफाई कर के एनआरसी में भर्ती कराया जा रहा है और 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में उचित आहार उपलब्ध कराया जाता है। डीपीसी ने बताया कि उचित आहार मिलने की वजह से कुपोषित बच्चे जल्द पोषित हो जाते हैं। कुपोषण को लेकर अभी भी लोगों में थोड़ी जानकारी का अभाव देखा जा रहा है। कुछ माता-पिता अभी भी कुपोषण से पीड़ित बच्चों का इलाज कराने से कतराते हैं। जबकि बच्चों को समय से इलाज कराया जाए और उन्हें बेहतर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तो कुपोषण से छुटकारा मिलने की संभावना है। संजीव मधुकर ने बताया एनआरसी को लगातार बेहतर किया जा रहा है। 20 बेड वाले एनआरसी को बढ़ा कर 30 बेड का कर दिया गया हैं ताकि एक साथ तीस बच्चों को पोषित किया जा सके।

समस्तीपुर में डॉक्टर से 15 लाख रंगदारी की मांग, नहीं देने पर अपराधियों ने मारी गोली

समस्तीपुर : जिले में एक बार फिर अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला जिले के वैनी ओपी क्षेत्र के पूसा रोड का है। जहां तीन बाइक सवार अपराधियों ने निजी क्लिनिक के एक डॉक्टर से पहले 15 लाख की रंगदारी मांगी, जब उन्हें रंगदारी नहीं मिली तो उन्होंने डॉक्टर को गोली मार दी। इस घटना में जख्मी डॉक्टर को समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जंहा वो इलाजरत हैं। डॉक्टर की पहचान वैनी निवासी अमृत राज के रूप में हुई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जख्मी डॉक्टर ने बताया कि वो बीते शाम अपने क्लिनिक से घर गए और घर से ही आगे दुकान के पास निकले थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी लगा कर 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और फायरिंग करने लगे, उसी में एक गोली पैर में लग गई।

एक नजर

एनडीए के लोक सभा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने चलाया जन संपर्क अभियान

नवप्रदेश प्रतिनिधिः काराकाट लोक सभा क्षेत्र के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह काराकाट लोक सभा क्षेत्र के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा का मंगलवार को काराकाट प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया गया . गांव के किसानों मजदूरों , गरीबों से लेकर सभी वर्ग के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी लोगों ने उन्हें समर्थन देने पर राजी हुए . पूर्व केंद्रीय मंत्री सह काराकाट संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार मोदी जी की सरकार बनाने का लोंगो से अनुरोध किया . बतादेंकि जनसंपर्क अभियान बाराडीह पंचायत के गांव विशुनपुर, बाराडीह, सुकहरा, चिल्हा टोला, चिल्हा में जन संपर्क किया गया . मोदी जी के नेतृत्व में पुनः देश में सरकार बनाने का लोगों ने समर्थन किया . जनसम्पर्क अभियान में आरएलएम जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, वीरेंद्र तिवारी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, अखिलेश सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, अर्जुन गुप्ता, राकेश मिश्रा, बसंत पटेल,दिनेश कुमार, चन्द्रमा सिंह,सिगासन सिंह,बबन सिंह ,विकास कुमार, सोनू कुमार, अनिल कुमार, रास बिहारी साव, राजू मेहता, रामसुंदर साव, सहित कई थे .

बक्सर लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से की अपील



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा : प्रखंड के दर्जनों गांव में मंगलवार को एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में वोट करने के लिए लोगों से अपील की. पार्टी के कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह ने बताया कि श्री तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के कर्मा, रतनपट्टी, नारायणपुर ,शिवोबाहर ,कल्याणी ,सूर्यपुरा ,खरोज,डबरिया, एवं अगरेड़ खुर्द गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की. मौके पर प्रखंड मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा ,अखिलेश सिंह,अजय शौंडिक, विनय कुमार सिंह, विकास कुशवाहा ,दीपक चौरसिया गुड्डू सिंह शशि भूषण ,अभिषेक कुमार ,सोनू सिंह छोटू बिहारी उप प्रमुख अमित सिंह मनोज कुशवाहा आदि मौजूद रहे.

विजय दिवस पर महान योद्धा वीर बांकुड़ा बाबू कुँवर सिंह को पुष्प अर्पित कर किया नमन।

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा : प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के कई गांव में मंगलवार को 1857 की क्रांति के महान योद्धा वीर बांकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह की विजय दिवस हर्ष व उल्लास के साथ मना. ग्रामीण कर्मा निवासी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कमार्धाम गांव में मंगलवार को 1857 क्रांति के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह को विजय दिवस पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धा के साथ सभी ने उन्हें याद किया. इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबू वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उनकी वीरगाथा लोगों से कही.श्री सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ 1857 की क्रांति में 80 साल के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध बिगुल बजाई थी .जो एक परम देश भक्त थे. जिनके बारे में अंग्रेजों ने भी कहा था की शुक्र है कि योद्धा 80 साल का है .अगर जवान होता तो हमें इसी वक्त भारत छोड़कर जाना पड़ता. जो क्रांति के दौरान जब गंगा नदी पार कर रहे थे. तो अंग्रेजों की एक गोली उनके बाह में लग गई थी .तत्पश्चात बाबू वीर कुंवर सिंह ने अपनी हाथ को काटकर गंगा मैया को अर्पित कर दी थी.मौके पर अरविंद कुमार, रमन सिंह, पप्पू सिंह, मंटू जी, रमेश सिंह के साथ ही कई अन्य लोग थे.

मांझी जी के देन ह की राज कर ता रे..कट्टा लहराते भोजपुरी गाने पर बार बालाओं के साथ डांस करते वीडियो वायरल



आरा : पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं और सरेआम कट्टा लहराते हैं। ताजा मामला आरा का है जहां बार बालाओं के साथ कुछ युवक ठुमके लगाते नजर आए और अवैध हथियार लहराते दिखे। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में भोजपुरी सिंगर अजित राजा का गाना 'मांझी जी के देन ह की राज कर ता रे' बज रहा है और बार डांसर ठुमके लगा रही है। उनके साथ मंच पर कुछ युवक भी डांस कर रहे हैं। वायरल वीडियो में दो युवक अवैध हथियार लहराते देखे जा रहे हैं। वहीं हाथ में हथियार लेकर अश्लील गाने पर डांस करते भी नजर आ रहे है। हालाकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि मीडिया दर्शन नहीं करता। लेकिन सोचने वाली बात है कि पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इसके बावजूद इस तरह खुलेआम अवैध हथियार का प्रदर्शन किया गया। जो पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। अब देखना होगा कि इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस इस पर क्या एक्शन लेती है।

द डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भगवान हनुमान एवं बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में हनुमान जी को पुष्पांजलि और धूप दीप देकर और मंत्रोच्चार के साथ उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा सातवीं के छात्र आर्यन मिश्र को हनुमान जी के परिधान से सुसज्जित किया गया।कक्षा सातवीं के छात्र पंकज केशरी ने अपने भाषण के द्वारा हनुमान जी के जीवन और उनके आदर्श पर प्रकाश डाला। सन 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के दांत खट्टे करनेवाले बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती भी मनाई गई। छात्र चंदन कुमार ने वीर कुंवर सिंह की वीरता और उनके बलिदान की कहानी कही। द डीपीएस के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने बताया कि भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी सकल विघ्नों का नाश करनेवाले हैं। उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है कि पुरुषार्थी के लिए कोई भी काम असंभव नहीं है। साथ ही हनुमान जी ने यह भी सीख दी है कि प्रत्येक काम को अपना कर्तव्य मानकर करें। उसका श्रेय स्वयं लेने का प्रयास न करें। अखिलेश कुमार ने राष्ट्र की मजबूती के लिए बालकों को हनुमान जी की तरह सशक्त मांसपेशियां और भुजाएं बनाने की भी बात कही। बाबू कुंवर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बिहार और भारत का मस्तक दुनियाभर में ऊंचा करनेवाले वीर बांकुड़ा को पूरे विश्व का ऐतिहासिक पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की अवस्था में तलवार उठाकर कुंवर सिंह ने यह प्रेरणा दी कि सफलता के लिए उम्र नहीं बल्कि जुनून हावी रहना चाहिए।

संपादकीय

इस मौके को न गंवाएं

लोकतंत्र के महापर्व का आगाज हो चुका है। एक तरफ तीसरी बार के लिए तो दूसरी तरफ बदलाव के लिए पूरी ताकत झोंक दी गई है। लेकिन जिस वर्ग को लुभाने के लिए सभी राजनीतिक दल पूरा जोर लगा रहे हैं, उसकी तो जैसे इन चुनावों में कोई दिलचस्पी ही नहीं। कम से कम चुनाव आयोग के आंकड़ों से तो ऐसा ही लगता है, जो कहते हैं कि 18 से 19 साल के महज 38 फीसदी युवाओं ने ही वोटर कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। देश में इस आयु वर्ग के कुल 4.9 करोड़ युवा हैं, लेकिन वोटर लिस्ट में सिर्फ 1.8 करोड़ नाम ही जुड़े हैं। बिहार में सबसे कम 17 प्रतिशत फर्स्ट टाइम वोटर ही जुड़े, यानी 54 लाख में से मात्र 9 लाख। दिल्ली में सात लाख युवाओं में से मात्र डेढ़ लाख यानी करीब 21 फीसदी ने ही रजिस्ट्रेशन करवाया। यूपी में 23 फीसदी और महाराष्ट्र में 27 प्रतिशत युवा ही वोटर लिस्ट में जुड़े। सबसे जागरूक युवा दिखे तेलंगाना में, जहां लगभग 67 फीसदी (कुल 12 लाख में से 8 लाख) ने लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भागीदारी के लिए पहल की है। चुनाव आयोग के साथ ही कई एनजीओ और सिलेब्रिटीज मतदान के प्रति जागरूक करने की लगातार अपील कर रहे हैं। इसके बावजूद युवाओं के उत्साह में इस कमी की आखिर क्या वजह है? कोई इसके लिए आज की राजनीति और नेताओं पर दोष मढ़ रहा तो कोई जागरूकता की कमी बता रहा। लेकिन इसके कई और कारण भी हो सकते हैं। मताधिकार हासिल करने की उम्र के वक्त युवा अपने भविष्य की राह तैयार करने के बेहद अहम मोड़ पर होते हैं। पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उलझे छात्र के पास इसके इतर कुछ और सोचने का वक्त ही नहीं होता। ऐसे में अभिभावकों की ज़िम्मेदारी होती है कि वे घर के युवाओं को गाइड करें और वोटिंग के लिए रजिस्टर कराने में उनकी मदद करें। दूसरी बड़ी वजह हो सकती है वोटर कार्ड बनवाने की जटिल प्रक्रिया। लंबा चौड़ा फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज लगाने के बाद भी कोई गारंटी नहीं कि वोटर कार्ड बन जाएगा। बन भी गया तो उसमें नाम, पते समेत कई तरह की गलतियों की भरमार रहती है। कहीं पति को पिता बना दिया जाता है तो कहीं मेल को फीमेल। अब इसमें सुधार करवाने के लिए फिर से एक नया फॉर्म 8 भरो। उसके बाद भी यह गारंटी नहीं कि गलती कब तक दुरुस्त होगी और नया कार्ड कैसे मिलेगा। देश का युवा मतदान के प्रति जागरूक नहीं है, तो कहीं न कहीं इसके प्रति देश का राजनीतिक नेतृत्व ही जिम्मेवार है। राजनीति का स्वरूप युवाओं को आकर्षित नहीं कर रहा है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, आरोप-प्रत्यारोप, राजनीतिज्ञों की विफलता, एक-दूसरे को नीचा दिखाना जैसी स्थिति युवाओं को राजनीति से दूर धकेल रही है। इसी कारण युवा वर्ग मतदान के लिए कतार में खड़ा होने को तैयार नहीं है। इस वर्ग को मतदान के लिए प्रेरित करना राजनीतिज्ञों का ही काम है, जो नहीं हो रहा है।

सामयिकी

कॅरियर को नयी उड़ान

प्रणव प्रियदर्शी

अमेरिका की मल्टिनैशनल इन्वेस्टमेंट बैंक एंड फाइनैंशल सर्विसेज कंपनी मॉर्गन स्टैनली के भारत स्थित ग्लोबल कपैबिलिटी सेंटर से जुड़ी हैं हेमा राधाकृष्ण। वह इंस्टिटयूशनल सिक्यॉरिटीज टेक की एक्जिक्युटिव डायरेक्टर हैं। उनका करियर इस मायने में खास कहा जाएगा कि उन्होंने शुरू में ही दुनिया की बड़ी कंपनियों में और अलग-अलग देशों में काम कर लिया। जर्मनी में वह सीमेंस में थीं। उसके बाद नीदरलैंड्स, अमेरिका, पोलैंड और ब्रिटेन में भी काम किया। कह सकते हैं कि शुरूआती फेज में ही वह करियर की उस ऊंचाई पर पहुंच गईं जो किसी आम हिंदुस्तानी लड़की का सपना होता है। लेकिन फिर जो बेडियां आम हिंदुस्तानी लड़की के पैरों में पड़ी होती हैं, जो उसे एक हद से ज्यादा दूर नहीं जाने देतीं या एक सीमा से अधिक रफ्तार नहीं हासिल करने देतीं, उन भावनात्मक बेड़ियों ने हेमा को भी अपनी मौजूदगी का अहसास कराया। नतीजा यह कि 2012 में हेमा अपने देश लौट आईं। अगले 10 साल उन्होंने अपने परिवार के बुजुर्ग होते मां-बाप और सास-ससुर के नाम कर दिए। मगर खास बात यह रही कि फॉरेन पोस्टिंग को बाय-बाय करने और एक तरह से करियर संबंधी एंबिशन को प्राथमिकता में नीचे लाने के बाद भी हेमा ने टेक्नॉलजी के अपने पैशन को कम नहीं होने दिया। यहां वह दो अलग-अलग टेक स्टार्टअप से जुड़कर काम करती रहीं। जब पर्सनल लाइफ में हालात बदले तो उनके सामने इस बात को लेकर कोई दुविधा नहीं थी कि फुलटाइम कॉरपोरेट वर्क की पुरानी स्थिति में वापस जाना है। लेकिन वह जानती थीं कि यह आसान नहीं है। लेटरल हायरिंग में रिक्रूटमेंट प्रॉसेस की जो बाधाएं थीं उन्हें पार करना मुश्किल साबित हो रहा था। उसी समय मॉर्गन स्टैनली का रिटर्न टु वर्क प्रोग्रैम आया और हेमा ने उस अवसर को लपकने में देर नहीं की। इस कार्यक्रम ने हेमा के लिए वर्कफोर्स में वापसी का एक नॉन जजमेंटल रास्ता खोला। इस प्रोग्रैम के पीछे की मेच्योर सोच कह लीजिए कि बैंकिंग इंडस्ट्री की प्रासंगिक जानकारी के मोर्चे पर हेमा की कमजोरियों और करियर के दस साल लंबे ब्रेक को नजरअंदाज करते हुए उनके कौशल, उनकी क्षमता और उनमें निहित संभावनाओं को तवज्जो दी गई। नतीजा यह कि हेमा के करियर को एक नई उड़ान का मौका मिल गया और इंडस्ट्री को उनके एक्सपीरिएंस, विजन तथा लीडरशिप एबिलिटी का फायदा।

अप्रैल: देश के लिए शहादत व बलिदान का महीना

जयसिंह रावत

जलियांवाला बाग नरसंहार पंजाब के अमृतसर में दो राष्ट्रवादी नेताओं, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। जबकि पेशावर कांड, जो अब पाकिस्तान में है, ह्यफ्रंटियर गांधीह्य के नाम से जाने जाने वाले एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ।

भारत के इतिहास में अप्रैल का महीना ब्रिटिश राज द्वारा जलियांवाला में हुए नर संहार के लिए काले में पन्नों में दर्ज है तो यही महीना पेशावर में चन्द्र सिंह गढ़वाली और उनके मातहत सैनिकों द्वारा अपने जीवन और नौकरी की परवाह न करते हुए निहत्थे पठानों को बचाने तथा स्वाधीनता आन्दोलन के महायज्ञ में दी गई आहुति के लिए भी याद रखा जाएगा। भले ही आज पेशावर पाकिस्तान में है मगर गढ़वाली सैनिकों के साहस और जज्बे की मिसाल उस जमीन पर सदैव अक्षुण रहेगी।

अप्रैल महीने की 13 और 23 यादगार तारीखें

पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओह्यड्वायर और ब्रिगेडियर जनरल (अस्थाई प्रमोशन) रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर द्वारा अमृतसर के स्वर्णमंदिर के निकट स्थित जलियांवाला बाग में किया गया नरसंहार इसी अप्रैल के महीने की 13 तारीख को हुआ था जिसमें सरकारी तौर पर 379 लोगों के मारे जाने और लगभग 1200 के घायल होने की पुष्टि बाद में की गई मगर स्वतंत्र इतिहासकारों के अनुसार इस क्रूरतम नरसंहार में 500 से अधिक लोग मारे गए, जबकि हजारों अन्य घायल हुए जिनमें लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओह्यड्वायर का 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में गोली मारकर वध करने वाला महान क्रांतिकारी उधमसिंह भी शामिल था। सन् 1930 में इसी अप्रैल महीने की 23 तारीख को चन्द्रसिंह गढ़वाली के नेतृत्व में गढ़वाली सैनिकों ने पेशावर में सीमान्त गांधी के नाम से पुकारे जाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल गफ्फार खान के समर्थन में जुटे पठानों पर गोलियां बरसा कर नर संहार करने से साफ इंकार कर दिया था। इस विद्रोह में इन सैनिकों को मृत्यु दण्ड से तो बचा लिया गया मगर विभिन्न जेलों में उन्हें लम्बी सजाएं अवश्य भुगतनी पड़ी।

पटेल कमेटी ने जांच की पेशावर कांड की

23 अप्रैल, 1930 के पेशावर कांड में गोलीबारी के आदेश दने वाला कमांडिंग ऑफिसर जॉर्ज हर्बर्ट एडवर्ड पर्सी हैमंड था जो वहां ब्रिटिश सेना का क्षेत्रीय कमांडर था। उसने

निहत्थे आन्दोलनकारी पठानों पर गोलीबारी से इंकार करने के बाद गढ़वालियों के हथियार छीनकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और गोलियां चलाने के लिए दूसरी टुकड़ी को आदेश दे दिया था। गढ़वाली सैनिकों की गिरफ्तारी के बाद पेशावर शहर तथा थाने के पास गोलीबारी में अनेक लोग अवश्य मरे मगर जलियांवाला नरसंहार की पुनरावृत्ति अवश्य रुक गई। इस कांड से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को और बढ़ावा मिला। इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा पेशावर कांड की जांच के लिए गठित वी.जे, पटेल की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 23 अप्रैल 1930 के पेशावर कांड में पुलिस और सेनिक टकड़ी द्वारा फायरिंग की घटनाओं में कम से कम 20 आन्दोलनकारी मारे गए तथा 21 घायल हुए थे। रिपोर्ट में अपुष्ट स्रोतों से मरने वालों की संख्या काफी अधिक बताई गई, साथ ही उन्हीं अपुष्ट स्रोतों ने कमेटी को पुलिस द्वारा शवों को गायब करने और घायलों के सामने न आने की बात भी बताई। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तारी के डर से कई घायल आन्दोलनकारी अस्पताल नहीं गये जिस कारण घायलों की सही संख्या का पता नहीं चल सका।

ब्रिटिश राज के दमन के उदाहरण थे दोंनों कांड

दोनों घटनाएं ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों द्वारा ब्रिटिश शासन के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे भारतीय नागरिकों के खिलाफ हिंसक बल का उपयोग करने के उदाहरण थीं। दोनों ही मामलों में निहत्थे नागरिकों को ब्रिटिश सेना द्वारा निशाना बनाया गया। इन दोनों ही घटनाओं में बड़ी संख्या में निहत्थे नागरिक मारे गये या घायल हुए। जलियांवाला बाग हत्याकांड में सैकड़ों लोगों की मौत हुई, जबकि पेशावर कांड में भी कई नागरिक मारे गए और घायल हुए। मगर गढ़वाली सैनिकों के विद्रोह के कारण भारी खून-खराबा नहीं हो सका। दोनों घटनाओं से भारतीयों में व्यापक आक्रोश और निंदा हुई, जिससे ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध बढ़ गया।

दोनों कांड राष्ट्रीय आन्दोलन को गति देने वाले

जलियांवाला बाग नरसंहार पंजाब के अमृतसर में दो राष्ट्रवादी नेताओं, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। जबकिपेशावर कांड, जो अब पाकिस्तान में है, फ्रंटियर गांधी के नाम से जाने जाने वाले एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ। जलियांवाला बाग हत्याकांड का नेतृत्व मुख्य रूप से पंजाब के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया था, जबकि पेशावर कांड अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व वाले खुदाई खिदमतगार आंदोलन से जुड़ा था, जिसकी उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में मजबूत उपस्थिति थी। (अब खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान)। जलियांवाला बाग हत्याकांड ब्रिटिश अधिकारियों की पंजाब में बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन के दमन के कारण शुरू हुआ था, जबकि पेशावर कांड अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी और खुदाई खिदमतगार आंदोलन को दबाने के ब्रिटिश प्रयासों की प्रतिक्रिया थी।

पेशावर कांड 1857 के बाद का सैन्य विद्रोह

पेशावर काण्ड सन् 1857 के बाद भारतीय सेनिकों का यह पहला विद्रोह था, मगर विद्रोह भी ऐसा कि किसी पर बंदूक उठाकर नहीं बल्कि बंदूक झुकाकर। इस घटना से सारे देश में आजादी के आन्दोलन को नयी स्फूर्ति मिली। मोतीलाल नेहरू के आवाहन पर देश के प्रमुख नगरों में गढ़वाली दिवस मनाया गया। इस काण्ड में चन्द्रसिंह एवं अन्य गढ़वाली सैनिकों को मृत्युदण्ड भी मिल सकता था, लेकिन बैरिस्टर मुकन्दीलाल की जबरदस्त पैरवी से उन्हें फांसी की सजा नहीं हुयी, मगर सारी उम्र कालापानी की सजा अवश्य मिली। दरअसल 23 अप्रैल, 1930 को हजारों लोग ब्रिटिश हुकूमत की ज्यादतियों के विरोध स्वरूप पेशावर में पुलिस स्टेशन के सामने किस्सा खानी बाजार में एकत्र हुए थे। उस स्थिति में भीड़ को तितर-बितर करने के असफल प्रयासों के बाद ब्रिटिश कप्तान ने गढ़वाल राइफल्स की टुकड़ी को भीड़ पर गोलियां चलाने का आदेश दिया तो फायरिंग का आदेश सुनते ही हवलदार चन्द्र सिंह ने जोर से आवाज देकर अपनी टुकड़ी को गोलीबारी न करने करने का आदेश दे दिया। उन्होंने अपनी टुकड़ी को पहले ही निर्देश दे दिए थे कि किसी भी कीमत पर निर्दोष लोगों पर गोली न चलाई जाए। इस नाफरमानी के बाद चन्द्रसिंह गढ़वाली के साथ ही पूरी टुकड़ी पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया। पेशावर कांड के बाद, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को 11 साल तक कई जेलों में बंद रखा गया और 1941 में रिहाकर दिया गया। जेल से रिहा होने के बाद, वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए।

नेताजी को मिली प्रेरणा

माना जाता है कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने इन्हीं गढ़वाली सेनिकों से प्रेरणा लेकर आजाद हिन्द फौज का गठन किया था और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने गढ़वाली सेनिकों और अफसरों को उनके देश प्रेम और बलिदान के लिए सहर्ष तत्पर रहने की भावना से प्रभावित हो कर उन्हें आजाद हिन्द फौज में महत्वपूर्ण पदों पर रखा। नेताजी की आइएनए में ढाइ हजार से ज्यादा गढ़वाली सैनिक थे। इन बहादुर सैनिकों को हुयी सजा, जिनका नामलेवा कोई नहीं। हवलदार मेजर चन्द्र सिंह के अलावा हवलदार नारायण सिंह गुसाईं, नायक जीत सिंह रावत, नायक भोला सिंह बुटोला, नायक केशर सिंह रावत, नायक हरक सिंह धपोला, लांस नायक महेन्द्र सिंह, लांस नायक भीमसिंह बिष्ट, आदि को सेना की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इनके अलावा त्रिलोक सिंह रावत, जैसिंह बिष्ट, गोरिया सिंह रावत, गोविन्द सिंह बिष्ट, दौलत सिंह नेगी, प्रताप सिंह नेगी और रामशरण बडोला को सेना से डिस्चार्ज किया गया।

लोकतंत्र की खातिर जरूर दें पहली बार वोट

टीके अरुण

जाति व्यवस्था लोकतंत्र के लिए दमनकारी बाधा है। लेकिन, यह भारतीय परंपरा की एकमात्र विरासत नहीं। आध्यात्मिकता के प्रति एक दृष्टिकोण जो मुक्ति के हर मार्ग को समान रूप से मानता है, वह भी हमारी विरासत का हिस्सा है।

कई लोग राजनीतिक दल का चुनाव उसी तरह करते हैं, जैसे विश्व कप में किसी टीम को सपोर्ट करने का फैसला करना। परिवार और दोस्तों की पसंद-नापसंद बहुत बड़ी भूमिका निभाती है इसमें। किसी खास नेता का राष्ट्रीय या स्थानीय स्तर पर पैदा किया असर भी अंतर पैदा करता है। सत्ताधारी दलों के दावे और प्रतिदावे भी मायने रखते हैं।

भविष्य गढ़ने वाला : पहली बार वोट डालने वाला एक ऐसा विकल्प चुन रहा है, जो उसके भविष्य को आकार देने में मदद करेगा, एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगा जो सभी के लिए अवसरों और स्वतंत्रता का विस्तार करेगा या उन्हें सीमित करेगा। इस तरह से किसी को वोट देना किसी टीम को सपोर्ट करने से बहुत अलग है।

चयन में सावधानी : हमारे सामने परफेक्ट राजनीतिक विकल्प नहीं हैं। उलटे, ये परफेक्ट से कोसों दूर हैं। इसलिए जरूरी है कि हम कम से कम खराब विकल्प न चुनें। हम ऐसा चुनाव करें, जिससे विकल्प और प्रयोग का रास्ता खुला रहे ताकि लोग नई सोच और खुद को संगठित करने के नए तरीके विकसित कर सकें। मेरा मानना है कि नए मतदाताओं को लोकतंत्र की खातिर वोट जरूर देना चाहिए।

हीरो की चाहत : हम आज मुश्किल हालात में जी रहे हैं। जिस हवा में हम सांस ले रहे हैं, वह प्रदूषित है। पानी को पीने के लिए फिल्टर करना पड़ता है। सड़कों पर भीड़ है। अच्छी नौकरियां मुश्किल से मिलती हैं। शिक्षा में खामी है, स्वास्थ्य सेवा खराब है या फिर बहुत महंगी। व्यक्तिगत अधिकार और स्वतंत्रता सीमित हैं। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। क्लाइमेट चेंज ने गर्मी, सूखे और बेमौसम बारिश के रूप में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इन सारी समस्याओं के सामने व्यक्ति खुद को बहुत लाचार महसूस करता है। ऐसे में संकटों से बचाने वाले सुपरह्यूमन की लोकप्रियता बढ़ रही है, फिर चाहे फिल्में हों या राजनीति।

चाह के साथ राह : फिर भी सब कुछ निराशाजनक नहीं है। देश की डेमोग्राफी युवा ऊर्जा लेकर आती है और उम्मीद भी बंधाती है। हम सूचना युग में जी रहे हैं, जिसमें संपूर्ण मानव ज्ञान, रचनात्मकता और सौंदर्य उन लोगों के लिए अवेलेबल है, जो इसकी तलाश में हैं। उद्यमियों के पास मौका है कि वे अपने आइडिया और सपनों को पूरा कर सकें। इससे रोजगार मिलता है, आय के साधन पैदा होते हैं। किसी अच्छे आइडिया पर लोग ऑनलाइन चर्चा कर सकते हैं, फिर उस पर अमल किया जा सकता है।

कमाई कम, वादे ज्यादा : सच यह भी है कि समर्थन पाने के लिए राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में चांद-तारे तोड़ने का वादा करते हैं। सभी के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, सरकारी नौकरियों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च, वंचित समुदाय के लोगों के लिए विशेष सहायता, भ्रष्टाचार के खात्मे, महिलाओं के सशक्तिकरण, सभी के लिए घर जैसे वादे किए जाते हैं। लेकिन सरकार की आमदनी सीमित होती है। इसका जरिया हैं टैक्स कलेक्शन, टेलिकॉम में लाइसेंस और स्पेक्ट्रम फीस, खनिज रॉयल्टी, प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री, कुछ सरकारी सेवाओं पर यूजर चार्ज वगैरह।

कहां से आएगा पैसा : अब जान लेते हैं कि सरकार का खर्च क्या है। पड़ोसी मुल्कों के साथ रिश्ते तनावपूर्ण हैं। ऐसे में देश को डिफेंस पर इच्छा से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। केंद्र और राज्यों का पिछले उधारों पर ब्याज जीडीपी के 5% से भी ज्यादा है। सैलरी और पेंशन पर जीडीपी का 1.5% खर्च होता है। ऐसे में कुल मिलाकर केंद्र और राज्य सरकारों के पास जीडीपी का 20% से कम हिस्सा बचता है, चुनावी वादों को पूरा करने के लिए। एजुकेशन पर जीडीपीका 6% और स्वास्थ्य देखभाल पर 4% खर्च करने के वादे को इस सचाई के आईने में देखना चाहिए।

सवाल बनते हैं : वहीं, क्या एक नागरिक के रूप में हमारा इस पर कोई अधिकार है कि यह पैसा कैसे खर्च किया जाता है? क्या गांव के स्कूलों और शहरों के सीवरेज सिस्टम को सुधारने से ज्यादा अच्छा है न्यूनतम समर्थन मूल्य को लगातार बढ़ाना, अनाज की सरकारी खरीद करना? क्या स्थायी घर बनाकर देने से बेहतर है कि प्रवासी मजदूरों के लिए किराये पर घर बनाए जाएं? क्या सरकारी हेल्थ इंश्योरेंस से बेहतर होगा कि स्टेट हॉस्पिटल्स में सीधे स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान हो? उद्योगपतियों को सबसिडी के बजाय क्या यह अच्छा रहेगा कि वही पैसा विश्वविद्यालयों में रिसर्च में लगाया जाए? शासन संबंधी निर्णयों के लिए उस विशेषज्ञता की जरूरत होती है, जो सीधे तौर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों के पास नहीं होती। फिर भी, हमारे प्रतिनिधियों का काम है कि वे विशेषज्ञों को बुलाएं, उनकी बात सुनें और लोगों के हित में विकल्प चुनें।

गलत प्रथा : वर्तमान सरकार में बिना बहस के कानून पास करना, विधायी सत्रों को छोटा करना और विपक्षी सदस्यों पर प्रतिबंध लगाना आम हो गया है। ये चीजें लोकतंत्र के विपरीत हैं और उस मॉडल को सूट करती हैं जहां एक व्यक्ति सबकुछ जानता है और विधानमंडल तो बस औपचारिकता निभाने के लिए होता है।

आदर्श विरासत : जाति व्यवस्था लोकतंत्र के लिए दमनकारी बाधा है। लेकिन, यह भारतीय परंपरा की एकमात्र विरासत नहीं। आध्यात्मिकता के प्रति एक दृष्टिकोण जो मुक्ति के हर मार्ग को समान रूप से मानता है, वह भी हमारी विरासत का हिस्सा है। धार्मिक विविधता को स्वीकार करने की संस्कृति के साथ भारत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है।

सांप्रदायिकता के खतरे : इसके बजाय भारत में राजनीति अल्पसंख्यकों के बहिष्कार की ओर बढ़ रही है। सांप्रदायिक राजनीति स्पष्ट तौर पर अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाती है, लेकिन इससे बहुसंख्यकों पर भी असर पड़ता है। अल्पसंख्यकों को दबाने के लिए राज्य की मनमानी बहुसंख्यकों के कमजोर हिस्से को भी प्रभावित करती है। यहां तक कि बहुसंख्यकों में से सबसे सशक्त लोगों के लिए भी उत्पीड़न बाघ की सवारी करने जैसा है। किसी भी वक्त बाघ पलट सकता है और आपको खा सकता है।

विश्व सिनेमा : स्क्रीनप्ले राइटर अंजलि मेनन



डॉ विजय शर्मा

22 पुरस्कारों के साथ ये स्क्रीनप्ले राइटर सिने-निर्देशक भी हैं। इन्होंने जिन फिल्मों का स्क्रीनप्ले लिखा उनमें से कई का निर्देशन भी किया। ये स्क्रीनप्ले राइटर अपने ही देश की हैं, केरल से आती हैं और इनका नाम है- अंजलि मेनन।

अक्सर लोग कहानी-उपन्यास और फिल्म को लेकर गलतफहमी रखते हैं। वे इन्हें एक मान बैठते हैं। ये अभिव्यक्ति के अलग-अलग तरीके हैं। चूंकि ये अलग हैं, अतः उनकी भाषा, उनका व्याकरण और उनके मुहावरे भी भिन्न होते हैं। कहानी-उपन्यास और स्क्रीनप्ले में खासा अंतर होता है। कहानी-उपन्यास कला के समाप्त या यूं कहें पूर्ण उत्पाद्य हैं, जबकि स्क्रीनप्ले मात्र ब्लूप्रिंट होता है। इसमें घट-बढ़ की गुंजाइश होती है। माना जाता है कि एक पहला स्क्रीनप्ले, जिसे सिनेरियो कहा गया वह जॉर्ज मेलिस ने अपनी फिल्म ए ट्रिप टू द मून (1902) के लिए लिखा था। उस समय सिनेमा मूक था। जब सिनेमा में आवाज आ गई (जिसके आधार पर इसे टॉकी कहा जाने लगा) तो संवाद भी स्क्रीनप्ले में जुड़ने लगे। स्क्रीनप्ले से पता चलता है, शूटिंग कहां होगी, दिन या रात के किस समय होगी, अभिनेता क्या करेगा, क्या कहेगा, प्रोप्स क्या होंगे, ट्रांजिशन कैसे होगा, तैयार फिल्म कैसी दीखेगी, खर्च कितना आएगा आदि, आदि। सब कुछ वर्तमान काल में लिखा जाता है। मतलब बनाने वालों को स्क्रीनप्ले पूरी फिल्म की जानकारी देता है।

स्क्रीनप्ले राइटर- अंजलि

स्क्रीनप्ले के विस्तार में न जाते हुए आज बात करती हूं, एक स्क्रीनप्ले राइटर की। 22 पुरस्कारों के साथ ये स्क्रीनप्ले राइटर सिने-निर्देशक भी हैं। इन्होंने जिन फिल्मों का स्क्रीनप्ले लिखा उनमें से कई का निर्देशन भी किया। ये स्क्रीनप्ले राइटर अपने ही देश की हैं, केरल से आती हैं और इनका नाम है, अंजलि मेनन। अंजलि मेनन एक जानी-मानी स्क्रीनप्ले राइटर हैं। अंजलि ने मंजाडिकुरु (लकी रेड सीड्स, हिन्दी में भाग्यशाली रत्ती), उस्ताद होटल, बैंग्लोर डेज, कूडे, वंडर वीमेन जैसी फिल्मों का स्क्रीनप्ले लिखा है और इनमें से कई को निर्देशित किया है। अंजलि मेनन ने लंदन फिल्म स्कूल से अपना पोस्ट-ग्रेजुएशन किया है। इन्होंने एडिटिंग, प्रड्यूसिंग तथा डॉयरेक्शन में ऑनर्स पाया है। इनकी प्रशिक्षण काल की फिल्म का नाम ब्लैक नोर है, जिसका प्रिमियर पाम स्प्रिंग्स इंटनेशनल फिल्म समारोह में हुआ था और जिसने बीएफआई का सर्वोत्तम लघु फिल्म का पुरस्कार पाया था। उनकी पहली फीचर फिल्म मंजाडिकुरु है, फिल्म का काल 1979 है और यह सवा दो घंटे लंबाई की फिल्म है। यह फिल्म 10 साल के बच्चे की कहानी है, बच्चा विकी (मास्टर सिद्धार्थ तथा पृथ्वीराज सुकुमारन) अपने ग्रैंडफादर के अंतिम संस्कार के लिए केरल के सुदूर गांव आया है। बिखरा हुआ परिवार इकट्ठा हुआ है। इन सोलह दिनों में बच्चा विकी अपने बारे में बहुत कुछ जानता-समझता है। उसे पहली बार अपने होने का भान होता है। इस फिल्म को सर्वोत्तम डेब्यू फिल्म तथा सर्वोत्तम मलयालम फिल्म का एफआईपीआरएससी आई का पुरस्कार मिला था। इन्हें पहली बार सबसे अधिक ख्याति उस्ताद होटल (2012) से मिली। इस सरल फिल्म ने बॉक्स ऑफिस में भी झंड़े गाड़े। ढ़ाई घंटे की फिल्म उस्ताद होटल को सर्वोत्तम स्क्रीनप्ले (संवाद) का राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला। इसके अलावा 6 अन्य पुरस्कार मिले।

मलयालम फिल्म को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाली फिल्म उस्ताद होटल का निर्देशन अनवर रशीद ने किया है, स्क्रीनप्ले अंजलि मेनन का है। फिल्म में दुल्कर सलमान, तिलकन, सिद्दीक, नित्या मेनन जैसे मंजे अभिनेताओं ने भूमिकाएं की हैं। दुल्कर सलमान की यह पहली फिल्म है। अति कुशल अभिनेता तिलकन की कुछ दिन पूर्व मृत्यु हुई है। यह प्यारी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म बाबा-पोता के बीच खूब मजबूत रिश्ता दिखाती है। गोपी सुंदर के अति उत्तम संगीत से सजी फिल्म में फैजी (दुल्कर) इंग्लैंड जाकर प्रोफेशनल सेफ बनना चाहता है, मगर परिस्थितियां उसे अपने बाबा करीम (तिलकन) की सहायता करने के लिए कोजीकोड के एक छोटे-से होटल में रोक लेती हैं। बाबा के संग-साथ और उनके होटल में काम करते हुए फैजी का जीवन के प्रति नजरिया सदा के लिए बदल जाता है।

अंजलि मेनन 2014 में 3 घंटे की फिल्म बैंगलोर डेज लेकर आती हैं और एक बार फिर 20 पुरस्कार ले जाती हैं। यह फिल्म मस्ती, उदासी, प्राप्ति की कहानी है। तीन चचेरे-ममेरे भाई-बहन अपने सपने लिए बैंगलोर पहुंचते हैं, उनका जीवन तेजी से आगे बढ़ता है और लौट-लौट कर वे अतीत याद करते हैं। अतीत में उनके जीवन में बहुत कुछ घटा है, जिसे संवेदनशीलता के साथ निर्देशक ने प्रदर्शित किया है। इस बार अंजलि स्क्रीनप्ले राइटर के साथ-साथ सिने-निर्देशक की कुर्सी भी संभाल रही हैं। कुछ अभिनेताओं के साथ इन्होंने बार-बार काम किया है। यहां अर्जुन (दुल्कर सलमान), दिव्या (नजरिया), कृष्णन (नवीन पौली), शिवदास (फहद फासिल), सारा (पार्वती) सबका अभिनय एक-से-बढ़कर-एक है। हास्य, रोमांस, जिंदगी की नाइंसाफी के प्रति गुस्सा, संघर्ष से भरी इस जीवंत फिल्म में सब पात्र अपने जीवन से बहुत कुछ सीखते हैं और प्रौढ़ता की ओर बढ़ते हैं। अंजलि 1918 में ढ़ाई घंटे की फिल्म कूडे लेकर आती हैं, इस बार उन्होंने स्क्रीनप्ले सचिन कुंडालकर के साथ मिल कर तैयार किया है। हां, निर्देशन उन्होंने स्वयं संभाला है। इस बार फिल्म को केवल तीन पुरस्कार मिले। पार्वती के अलावा इस फिल्म में अभिनेता अलग हैं। जोसुआ थॉमस (पृथ्वीराज सुकुमारन), जेनिफर मारिया थॉमस (नजरिया) भाई-बहन मिल कर नीलगिरि घूमने आए हैं, पहाड़ों में शांति और सुकून है।असल में जेनिफर मर चुकी है, अब वह केवल अपने भाई को दीखती है। हां, यहां सोफी (पार्वती), कृष्ण, (रोशन मैथ्यु), अशरफ (अतुल कुलकर्णी), एलीना (दर्शना राजेंद्रन) भी यहां हैं। यहां खाड़ी देश में प्रवास है, बहन की प्यारी-सी आत्मा है, जो भाई को प्रेम और उसका कर्तव्य सिखाती है। बहन का प्रेमी है। और भी बहुत कुछ है, जो आप खुद देखें तो अधिक अच्छा होगा।

2022 की वंडर वीमेन का स्क्रीनप्ले

पहले से बिल्कुल हट कर एक काम अंजलि मेनन ने किया है। 2022 की वंडर वीमेन का स्क्रीनप्ले अंजलि मेनन ने लिखा है और उसका निर्देशन भी उन्होंने किया है। इसे आप प्रयोगात्मक फिल्म कह सकते हैं। अब संयुक्त परिवार का जमाना नहीं है, अतः गर्भावस्था के नौ महीने में होने वाले तमाम परिवर्तन और जरूरतों को संभालना कठिन है। इसीलिए अंजलि 6 गर्भवती स्त्रियों को एक स्थान पर लाती हैं और उन्हें वर्तमान तथा भविष्य के जीवन, गर्भावस्था, प्रसव आदि का प्रशिक्षण देने के लिए एक केंद्र का निर्माण करती हैं। अभिनय के लिए नित्या मेनन, पद्मप्रिया, पार्वती, नादिया जैसे कुशल कलाकार इस फिल्म में विभिन पात्र की भूमिका में हैं। और हां, केवल स्त्री पात्र नहीं हैं, उनके साथ, उनके मित्र, सहायक के रूप में पुरुष पात्र भी हैं। फिल्म का संगीत गोविंद वसंत ने दिया है, कैमरा मनेश माधवन ने संभाला है। 2022 में अंजलि मेनन ने एक म्युजिक वीडियो की स्क्रिप्ट राइटिंग की है। इस वीडियो में भी नित्या मेनन, पद्मप्रिया, पार्वती आदि हैं। भविष्य में अंजलि मेनन से दर्शकों को कई खूबसूरत स्क्रीनप्ले राइटिंग की आशा और प्रतीक्षा है।

नौकरी लगते हि बढा डिमांड! डिमांड पुरा नही होने पर दुलहा बरात लेकर नहीं पहुचा मामला पहुंचा थाने में

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बेतिया नरकटियागंज शिकारपुर थाना क्षेत्र के दुउलिया मोहल्ले के रहने वाले यूनिस मियां ने अपने पुत्री का निकाह शेख नौसाद के पुत्र वसिम अख्तर से तय किया था जिसका निकाह 20 अप्रैल होना था लेकिन लड़का निकाह की तिथि पर बारात लेकर नहीं पहुंचा महज इसलिए की उसे एक कट्ठा जमीन नरकटियागंज शहर में दहेज के रूप में चाहिए था जबकि लड़की वाले 10 धुर जमीन और 8 लाख नगद और तिन लाख का सामान पहले हि दे चुके थे बताते चले कि निकाह तय होने के समय दुलहा एक बेरोजगार था तथा नौकरी कि तैयारी कर रहा था संयोग वंश बीपीएससी शिक्षक परीक्षा में वह निकल गया तथा एक शिक्षक बन गया फिर क्या घर वालों के नखरे बढ़ने लगे और लड़की के पिता से डिमांड के रूप में एक कट्ठा जमीन नरकटियागंज में मांग कर डाली लड़की के पिता ने एक कट्ठा की जगह 10 दूर जमीन देने को तैयार हो गया परंतु दहेज लोभियों ने एक न सुनी और 20 अप्रैल को तय निकाह तिथि पर बारात लेकर नहीं पहुंचे इस संबंध में लड़की के पिता ने स्थानीय थाने में दुलहा, एवं दुल्हे के पिता और शादी तय करायें अगुआ के ऊपर स्थानीय थाने में एक लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है वहीं थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और दोषियों पर विधि संगत करवाही कि जायेगी अब सवाल यह होता है आखिरकार हमारे समाज से दहेज नाम का अभिशाप कब समाप्त होगा आखिरकार सरकारी नौकरी लग जाने पर दहेज की डिमांड क्यों बढ़ा देते हैं क्या दहेज लेने वालों के घरों में बेटियां नहीं है समाज में इस प्रकार हो रही हरकत जितनी भी जग हंसाई की जाए वह बहुत कम है कहने को तो हम शिक्षित है परंतु कार्य अशिक्षितों की तरह कर रहे हैं

बकसपुर के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक को बाइक सवार ने पीछे से मारी जोरदार टक्कर, किया गया रिम्स रेफर

गुमला छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बकसपुर के समीप सोमवार की रात सड़क किनारे ब्रेकडाउन खड़े ट्रक को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बरगी टांड़ निवासी 18 वर्षीय सिकंदर लोहरा पिता रामसाय लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी ने घटना की सूचना रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को फोन पर दी। गश्ती दल मांझा टोली में होने के कारण थाना प्रभारी के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर युधिष्ठिर कुमार प्रजापति और चालक आरक्षी विनोद बिहारी शर्मा तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल को तत्काल सदर अस्पताल लेकर आए जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जोरदार टक्कर से युवक का चेहरा बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जानकारी के मुताबिक युवक अपने एक मेहमान को जोड़ा जाम पहुंचा कर वापस घर लौट रहा था। तभी यह घटना घटी। युवक ने हेलमेट पहन रखा था जिसके कारण बड़ी घटना होने से टल गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक काफी तेज गति से बाइक चला रहा था जिसके कारण सड़क के किनारे खड़े ट्रक को वह देख नहीं पाया और पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जाता है कि युवक शराब के नशे में था।

कुनकुरी में किए गए मजदूरी का बकाया पैसा दिलाने की मांग को लेकर मजदूरों ने थाना को सौंपा आवेदन

गुमला शहर के बड़ाइक मुहल्ला निवासी गोलू कुमार वर्मा ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर टेंट हाउस का काम कराकर पैसा नहीं देने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में कहा है कि गुमला से हमलोग दस लड़का काम के लिए छत्तीसगढ़ के कुनकुरी गए थे। जहां पिछले साल दुर्गा पूजा के लिए पंडाल बनाने का काम किया था। जिसमें से एक का हाजरी प्रतिदिन 600 रुपये का था. जिसमें 25 दिन काम करने के बाद हमलोगों का मजदूरी एक लाख 63 हजार 900 रुपया हुआ था. मजदूरी मांगने पर 48 हजार रुपये ही भुगतान किया गया था. उसके बाद शेष राशि एक लाख 16 हजार 900 रुपया मांगने पर टाल मटोल किया जा रहा है. गोलू ने बताया कि ठेकेदार का नाम विवेक साहू और विद्यासागर साहू है जो कुनकुरी के रहने वाले हैं हम लोग सभी मजदूर गुमला के ही हैं। सोमवार को गुमला में उक्त दोनों ठेकेदार को देखा गया इसके बाद सभी मजदूर एकत्रित होकर उनसे पैसे की मांग करने लगे फिर मामला गुमला थाना पहुंचा जहां सभी मजदूरों ने आवेदन देकर पैसे वापसी की गुहार लगाई है।

बाइक के चक्का में पैर घुसने से महुआ चुनकर लौट रहा वृद्ध हुआ गंभीर रूप से जख्मी, अस्पताल में भर्ती

गुमला जारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर के समीप बाइक के पिछला चक्का में पैर के घुस जाने से श्रीनगर निवासी 60 वर्षीय फुल जेम्स कुजूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना में उसके एक पैर में गंभीर चोट लगी। इसके बाद तत्काल उसे उप स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया जहां इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया जानकारी के मुताबिक वृद्ध अपने दामाद के साथ श्रीनगर के जंगल से महुआ चुनकर बाइक से अपने घर लौट रहा था वह बाइक में पीछे बैठा था तभी अचानक फिसल कर उसका पैर बाइक के पिछला चक्का में घुस गया। बाइक की गति तेज होने के कारण उसका पैर बुरी तरह से मुड़ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

गणेश पुर डीपा में डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

गुमला गणेशपुर डीपा निवासी सांझो देवी ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि मै गत 21 अप्रेल को रात 10 बजे अपने पति के साथ अपने मकान में खाना पीना खा रही थी। उसी समय में गणेशपुर डीपा निवासी बंधन देवी, जागृति कुमारी, भगवती कुमारी व आरती देवी सभी एकमत होकर मेरे घर में घुस गए। और जान से मारने की नियत से मेरे चेहरे पर लोहे की रड से प्रहार कर दिया। जिससे मै लहू लुहान होकर गिर गई। यह देखकर मेरे पति व मेरी सास साबो देवी मुझे बचाने के लिए आये, तो उपरोक्त सभी लोगों ने मिलकर मेरे पति व सास के साथ मारपीट की। साथ ही कहा कि तुम लोगों के कारण ही मेरे पिता की मौत हो गई है। तुम लोग मिलकर डायन बिसाही का काम करते हो। किसी तरह हमलोग जान बचाकर गुमला थाना आए। जिसके बाद गुमला पुलिस द्वारा मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया. साथ ही सोमवार को थाना आने के लिए बोला गया।सोमवार को थाना आने के क्रम में रास्ते में सभी ने मिलकर हम लोगों का रास्ता रोक दिया। साथ ही पुन- मारपीट करने लगे। जिससे मेरे पति व सास को भी चोटे आई है। मारपीट करते हुए सभी आरोपी कह रहे थे कि हमारे खिलाफ कोई भी शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। मुझे आशंका है कि उपरोक्त आरोपी कभी भी मेरे व मेरे परिवार के साथ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते है। इस निमित उपरोक्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भलमंडा के समीप मवेशियों से भरा पिकअप वैन और रेकी कर रहे ऑल्टो कार को पुलिस ने किया जप्त, तस्कर फरार

गुमला गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह 4 बजे भलमंडा गाँव के पास तस्करी हेतु ले जा रहे गोवंशोय पशुओं से भरा एक पिकअप वैन और रेकी कर रहे एक आल्टो कार को रायडीह पुलिस ने धर दबोचा।दोनों वाहनों पर सवार पशु तस्कर अंधेरा और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।पिकअप वैन में बेहरमी से ठूंसकर लादे गए 11 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया गया जिसमें एक पशु मृत पाया गया। जिसे सम्मानपूर्वक विधिवत दफना दिया गया और शेष 10 पशुओं को ग्रामीणों के बीच सोमवार की अपराह्न जिम्मेनामा पर ग्रामीणों के बीच थाना परिसर में वितरण कर दिया गया।इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि पशु तस्करी कर रहे जप्त वाहनों के मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है

उपायुक्त ने देर रात 12 बजे सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे सदर अस्पताल

अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों से मिल, मिलनेवाली सुविधाओं का लिया जानकारी।

रात्रि ड्यूटी में लगे अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को किया गया कारण पृच्छा।

सफाई की स्थिति देख आउटसोर्स कंपनी को लगाई फटकार।

चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप ने देर रात 12 बजे रात्रि सुविधाओं का औचक निरीक्षण करने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होने रात्रि ड्यूटी में अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को कारण पृच्छा किया गया। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होने कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाया और कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से

मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल चतरा आते है। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में निरीक्षण के दौरान जो समस्याएं देखी गई है वैसी समस्याएं अगले निरीक्षण के दौरान पुनः न हो। उन्होने मरीजों और उनके परीजन से मुलाकात कर मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डा0 जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

भयमुक्त वातावरण में होगा लोकसभा का चुनाव : उपायुक्त

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन।

चतरा- लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले में जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, 17 मार्च से अभी तक नए मतदाता को जोड़ने हेतु प्राप्त प्रपत्र-6, जप्त मादक पदार्थ व लिकर समेत अन्य उपलब्धियों के बारें मे जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि 16 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होने के पश्चात 17 मार्च से अभी तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से कुल 5791 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र से 4338 नए मतदाता सूचि में जोड़ने हेतु दोनो विधानसभा से 10129 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने के लिए 6 अप्रैल से विशेष अभियान चलाया गया

जिसमें बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही लगातार जिले के वरीय अधिकारी भी इस कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिले के कुल 914 मतदान केन्द्रों में से कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 300 बूथों को चिन्हित किया गया है जहां मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शारीरिक रूप से अक्षम मतदाता जो मतदान केन्द्र तक मत का प्रयोग करने हेतु बूथ पर पहुंचने में सक्षम नहीं है वैसे कुल 26 दिव्यांग मतदाता एवं 20 मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक है को चिन्हित किया गया है। उन्हे मत का अधिकार दिलाने के लिए विशेष तैयारी कर ली गई है। आगे उन्होने कहा सबसे कम प्रतिशत वाले कुल 50 मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर जिले के वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान कराना है। स्वीप कार्यक्रम के तहत अति प्रभावित नक्सल क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं जिससे कि मतदाता अपना मत का प्रयोग निर्भय एवं भयमुक्त हो कर मतदान कर सके। इसके अलावे विद्यालयों, निजी संस्थान, सरकारी संस्थान, परियोजनाओं में भी तरह तरह के कार्यक्रम कराएं जा रहे है।

अभी तक कुल 176 बूथों पर रात्रि चौपाल किया जा चुका है। बताया गया कि चुनाव को प्रभावित करनेवाले मादक पदार्थ, लिकर समेत अन्य नसीले पदार्थो की 18 करोड़ से अधिक की जब्ती की गई है। वैसे लोग जिनके कारण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन एवं चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होने सभी मीडिया बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि समाज में सूचनाओं का आदान प्रदान करने में आमसभी की भुमिका अहम है। आज शाम तक नए मतदाओं को जोड़ने हेतु प्रपत्र-6 प्राप्त किया जा सकता है। अगर आप सभी के नजर में कोई वैसे मतदाता है जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है। उनका नाम संध्या तक प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूचि में नाम शामिल करवा सकते है। साथ ही सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को मतदाता शपथ भी दिलाया गया।

उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी समेत सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

चमरा लिंडा समर्थकों द्वारा नामांकन पत्र की खरीद से राजनीति हलचल हुई तेज

गुमला। सोमवार को चमरा लिंडा के समर्थकों द्वारा नामांकन पत्र की खरीद के बाद लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल तेज हो गई है। इसके बाद भाजपा व कांग्रेस पार्टी के भीतर हलचल मच गई है। पूर्व के लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा द्वितीय स्थान पर आकर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि क्षेत्र में सरना वोट की सेंधमारी करने में भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी लगी हुई थी। लेकिन चमरा लिंडा के चुनावी मैदान में आने के बाद समीकरण उल्टा पड़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि चमरा लिंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरने वाले हैं वहीं सोमवार को उनके समर्थक नामांकन पत्र की खरीद की। अब लोड लगा लोकसभा का चुनाव त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। आने वाला समय बताएगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में सांसद का ताज किसके सिर में जाता है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगातार तीन बार से भाजपा अपना कब्जा जमाए हुए हैं हैट्रिक मारने के बाद भाजपा चौथी बार लोकसभा क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी के सुखदेव भगत भी कहीं कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जबकि चमरा लिंडा का सरना परंपरागत वोट रहा है इसके अलावा चमरा लिंडा अंतिम समय में मैदान में जाकर सबको चौंकाने का काम किए हैं वहीं क्षेत्र में अंदर ही अंदर चुनावी तैयारी की जा रही थी। इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद चमरा लिंडा ने निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने का मन बनाया वहीं भाजपा और कांग्रेस के लिए चमड़ा लिंडा को हल्के में लेना बेवकूफी होगी। हालांकि चमरा लिंडा के चुनावी मैदान में आने के बाद संभवतः इसका फायदा भाजपा को मिलने वाला है।

प्रचंड गर्मी आते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू

गुमला गर्मी शुरू होते हैं बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है। सुबह से ही भीषण गर्मी पढ़नी शुरू हो गई है। ऐसे में लोगों का घर से निकलना भी मुहाल हो गया है। लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से निकलने का प्रयास कर रहे हैं साथी सुबह शाम जरूरी काम होने पर ही घर से निकल रहे हैं। वही सरकारी कार्यालय में काम करने वाले बाबू भी बिजली के आंख मिचौली से परेशान है। इसके साथ ही बिजली का लुका छिपी का खेल भी शुरू हो गया है। रात रात भर बिजली गुल रहती है। जबकि दिन में भी बिजली का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लोग गर्मी से बेहाल हैं। विगत तीन दिनों से यह नजारा देखने को मिल रहा है। वहीं बिजली विभाग के पदाधिकारी का कहना है कि बिजली की ज्यादा खपत हो रही है जिसके कारण बिजली आपूर्ति में परेशानी हो रही है। वहीं बिजली व्यवस्था को लेकर लोग राजनीति भी करने लग गए हैं। चौक चौराहों पर बीजेपी के लोग खुवर दास की सरकार में बिजली व्यवस्था को बेहतर बता रहे हैं। उनका कहना है कि उनके कार्यकाल में बिजली व्यवस्था बहुत ही बेहतर थी।

हापा मुनि का ऐतिहासिक 6 दिवसीय मंडा मेला अग्नि परीक्षा एवं भोक्ता झूलन के साथ हुआ संपन्न

गुमला हापा मुनि का ऐतिहासिक 6 दिवसीय मंडा मेला भोक्ता झूलन एवं अग्नि परीक्षा के साथ हुआ संपन्न । भोक्ताओं को 30 फीट ऊंचाई में बल्ले के सहारे झूलते हुए देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब । सभी भक्ताओं को बारी-बारी से झुलाया गया जो मेला आकर्षण का केंद्र था । यह अनुष्ठान लगभग तीन घंटे तक चली । इससे पूर्व रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया । इसके बाद सुबह 3-00 बजे फुलखुंदी का रस्म पूर्ण किया गया । इस दौरान भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया । अंगारों में चलने से पहले भक्तों के द्वारा, भगवान शिव की पूजा किया गया और इस जगह की परिक्रमा किया गया । इस रस्म के लिए एक चबूतरा बनाया गया है जिसमें 20 से 25 फीट लंबा 4 से 5 फीट चौड़ा एवं लगभग 2 फीट ऊंचा कोयला बिछाकर उसमें आग लगाया जाता है फिर नए सुप से हवा करके इसमें अंगारा तैयार किया जाता है । इसी अंगारे में भोक्ता नंगे पांव चलते हैं जिस फुलखुंदी हैं ।इस बीच मेला आये ग्रामीणों ने विभिन्न खेल तमाशा व झूले का जमकर लुत्फ उठाया और खरीददारी की । ग्रामीणों विशेष कर बच्चों मे मेला के प्रति काफी उत्साह देखा गया ।

मसरिया डैम बजरंगबली मंदिर के समीप ग्रामीणों 3 गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर पेयजल आपूर्ति ठप होने पर किया विरोध

घाघरा प्रखंड के हालमाटी, बाराडीह और करंजतोली गांव के दर्जनों महिला पुरुषो ने मंगलवार को दिन के साढ़े 12 बजे मसरिया डैम स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप बैठक कर पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप होने का विरोध किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के द्वारा जेसीबी से खुदाई करने के दौरान पाइप क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद से पानी का सप्लाई गांव में बंद है। ग्रामीणों ने कहा की पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप है ना सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा पाइप को बनाया जा रहा है और ना ही विभाग के द्वारा यदि 2 दिन के अंदर क्षतिग्रस्त पाइप को बनाकर पानी सप्लाई नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस तपती धूप और गर्मी के समय में जलापूर्ति ठप होने से हम ग्रामीणों के लिए एक विशाल संकट खड़ा हो गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कन्या अभियंता रजनीश कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया है सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के जेसीबी द्वारा पाइप क्षतिग्रस्त किए जाने की बात सामने आई है।ऐसे 2 दिन के अंदर पानी की सप्लाई पूर्व की भांति प्रारंभ हो जाएगी जहां भी क्षतिग्रस्त हुआ है उसे तुरंत ठीक किया जाएगा इसके बाद ग्रामीणों ने दो दिन का समय देते हुए सभी अपने घर चले गए।

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर

चलायी जाएगी समर स्पेशल ट्रेनें

धनबाद। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधा एवं सुगम आवागमन हेतु समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएगी।

गाड़ी संख्या 08183/08184 टाटा- पटना- टाटा समर स्पेशल (पुरुलिया- भोजूडीह- गोमो- हजारीबाग रोड- कोडरमा- गया के रास्ते): गाड़ी संख्या 08183 टाटा- पटना समर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को टाटा से 13.20 बजे खुलकर 17.05 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 17.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी,

17.48 बजे हजारीबाग रोड पहुंचेगी और यहाँ से 17.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, 18.25 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 18.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं 21.50 बजे पटना पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 08184 पटना- टाटा समर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को पटना से 23.05 बजे खुलकर शनिवार को 02.08 बजे कोडरमा को पहुंचेगी और यहाँ से 02.10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, 02.40 बजे हजारीबाग रोड को पहुंचेगी और यहाँ से 02.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, 03.25 बजे गोमो को पहुंचेगी और यहाँ से 03.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 08.15 बजे टाटा पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 08103/08104 टाटा- वाराणसी- टाटा समर स्पेशल (पुरुलिया- बोकारो- गोमो- कोडरमा- गया- सासाराम- डीडीयू के रास्ते):- गाड़ी संख्या 08103 टाटा- वाराणसी समर स्पेशल दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरुवार को टाटा से 21.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 01.08 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 01.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, 02.18 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 02.20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शुक्रवार को ही 08.00 बजे वाराणसी पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 08104 वाराणसी- टाटा समर स्पेशल दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को वाराणसी से 09.30 बजे खुलकर 15.50 बजे कोडरमा को पहुंचेगी और यहाँ से 15.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, 17.20 बजे गोमो को पहुंचेगी और यहाँ से 17.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शुक्रवार को ही 22.30 बजे टाटा पहुंचेगी।

झूठों की जमात को कोडरमा में मिलेगा करारा जवाब : रमेश सिंह

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि कोडरमा में इन दिनों झूठ बोलनेवालों की जमात सक्रिय हो गयी है जो तथ्यहीन बातों के आधार पर कीचड़ उछालने में व्यस्त है, लेकिन इन अराजकतावादियों को याद रखना चाहिए कि कीचड़ में ही कमल खिलता है और इस बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के घर घर में, एक एक ईवीएम में कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकता। रमेश सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन और अराजक भाकपा माले के लोग आईना देखने के आदी नहीं, वरना उन्हें खुद अपना कलुषित चेहरा देखकर शर्म आ जाती। बिहार — झारखण्ड के जेल में बंद सबसे बड़े घोषित बालू चोर के घर में बैठकर वे जनता को बालू की हो रही किल्लत पर बेशर्मी से बयान जारी करते हैं। सत्ता के संरक्षण में ढिबरा का काला कारोबार करनेवाली और ढिबरा चुन- बीछकर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करनेवालों के पेट पर लात मारनेवाली हेमंत - चंपाई सरकार की चरणवंदना करनेवाले लोग ढिबरा के मसले पर जबरदस्ती सांसद और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। अब एक नया शिगूफा लिथियम का फैलाया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार ने लिथियम के नाम पर ढिबरा पर कोई रोक लगाई है तो ये बेशर्म साक्ष्य सामने क्यों नहीं लाते। हालांकि इनके इसी बयान से मूर्खों की इस जमात ने यह भी साबित कर दिया है कि इन्हें जनता के रोजी रोजगार की कितनी फ़िक्र ह। कोडरमा की समझदार और जागरूक जनता ही इन्हें समझा देगी कि यदि वाकई यहाँ लिथियम का रिजर्व मिला तो रोजगार और कारोबार के लिहाज से वो ढिबरा से कई गुना ज्यादा कारगर होगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें भाकपा माले की ओर से एक प्रवासी मजदूर को आँख फोड़ने की धमकी दी जा रही है। रांची के जगन्नाथ मैदान में सिर फुटव्वल करके भी इन्होने अपना असली चेहरा दिखा दिया है। ऐसे में कोडरमा लोकसभा की जनता इन्हें सपने में भी समर्थन देने की गलती नहीं कर सकती।

श्री महेश एकेडमी में ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन संपन्न

नवप्रदेश, डोमचांच। कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डोमचांच के तत्वाधान में मंगलवार को डोमचांच नगर पंचायत स्थित श्री महेश एकेडमी में ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन संपन्न किया गया. ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन में सोशल मीडिया के पक्ष में वर्ग नवम् की छात्राओं और विपक्ष में दशम् की छात्राओं ने एक दूसरे का प्रत्युत्तर करते हुए अपने- अपने विचारों को प्रस्तुत किया, जिसमें दशम् की छात्राएं अपनी बातों को बेहतर तरीके से रखा परिणामस्वरूप उन्हे विनर घोषित किया गया और नवम् की छात्राएं रनर घोषित हुई. विनर ग्रुप में रुखसार परवीन, कोमल गोस्वामी, अनिशा कुमारी, नैंसी राणा और शाहीन परवीन थीं, जबकि रनर ग्रुप में कुसुम गोस्वामी, ज्योति कुमारी,जसमिन कुमारी, सोनम कुमारी और तमन्ना परवीन शामिल थीं. निर्णायक के रूप में निदेशक सुनील कुमार सिन्हा और मार्गदर्शक के रूप में प्राचार्या रीना दारादे उपस्थित थीं.

ट्रक और कार की टक्कर में कर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल

नवप्रदेश, कोडरमा। जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवादा चौक के समीप ट्रक और कर की टक्कर में कर सवार एक युवक घायल। घायल की पहचान शुभम कुमार उम्र 30 वर्ष पिता विनय सिंह ग्राम औरंगाबाद बिहार के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एक युवक कार पर सवार होकर कोडरमा से दरदाही मरकच्चो जा रहे थे जो, नवादा चौक के समीप विपरीत दिशा से गिट्टी लगा ट्रक जोरदार टक्कर हो जाने से कर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

सतगावां पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

नवप्रदेश, सतगावां। थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में मगंलवार को प्रखंड के कोठीयार पंचायत के नवाडीह जंगल में नदी के पास अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान जंगल में शराब माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से संचालित शराब भठ्ठियों को पुलिस ने ध्वस्त किया। साथ ही साथ 1100 किलो ग्राम जावा महुआ को विनिष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब के विरुद्ध लोकसभा चुनाव को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगी। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हवलदार चार्लिस किस्कु, सिपाही पावन कुमार, भूषण सिंह, स्थानीय चौकीदार बुधन राय आदि शामिल थे।

जदयू का प्रतिनिधिमंडल एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मिला,किया स्वागत

धनबादः मंगलवार को धनबाद जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने श्री महतो को जदयू पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जयनगर प्रखंड का दौरा किया

क्लस्टर प्वाइंट एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का मुकम्मल व्यवस्था रखें : उपायुक्त मेघा भारद्वाज

सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशानिर्देश

मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण अतिमहत्वपूर्ण : उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य व दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से मतदान केंद्रों के रूट चार्ट और नजरी नक्शा की जानकारी ली। मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मती करना है तो वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं और? 80 वर्ष से

अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने से संबंधित आकलन की जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं? की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिन मतदान केंद्रों या क्लस्टर प्वाइंट पर जल स्तर नीचे है वहां पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखें। बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें। उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण अतिआवश्यक है। सभी मतदान कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।

क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गय। उन्होंने कहा कि क्लस्टर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय सुनिश्चित रखें।

उपस्थितिः मौके पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जयनगर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ व सुपरवाइजर समेत अन्य मौजूद रहे।

स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए किया जा रहा प्रेरित

नवप्रदेश, कोडरमा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बीएलओ द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल फ्री नं 1950, वोटर

हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिले के विभिन्न गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंप द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर, पेट्रोल पंप परिसर पर हस्ताक्षर बोर्ड व सेल्फी पॉइंट लगाकर 20 मई 2024 के दिन आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है, ताकि कोडरमावासी 20 मई को ध्यान में रख कर नैतिक मतदान करें।

महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। इंडिया महागठबंधन के कोडरमा लोकसभा से माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद कुमार सिंह के पक्ष में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़की धमराय, कांटी, कांको, पिपराडीह, बंदाचक, हरली बिरसोडीह, डुमरडीहा फोरलेन चौक में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। और लोगों से अपील किया गया महागठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाया जाए विनोद कुमार सिंह बगोदर विधानसभा के साथ- साथ पूरे झारखंड राज्य के गंभीर मुद्दों को विधानसभा में उठाने का काम किया है क्या किसी विधानसभा का गंभीर मामला हो मजबूती से उन्होंने उठाया और वह आवाज पूरे झारखंड के सड़कों पर भी सुनाई पड़ा है विनोद सिंह चुनाव जीतते हैं तो इस क्षेत्र के बेरोजगारों नौजवानों किसान मजदूर छात्र नौजवानों की आवाज लोकसभा में सुनाई पड़ेगा और वह आवाज सड़कों पर भी गूंजेगी। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, जेएमएम जिला सचिव श्यामदेव यादव, अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, माले राज्य कमेटी सदस्य कमिटी सदस्य सह ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान, इब्राहिम अंसारी, अशोक यादव, मोहन दता, विरेन्द्र यादव, छोटू यादव, धीरज कुमार, विनोद पासवान, मनोज दास, अनिल मोदी, रामचन्द्र यादव, उमेश यादव रफीक अंसारी, कयूम अंसारी, न्यूम अंसारी, मुंशी यादव इत्यादि मौजूद थे।

उपायुक्त ने की सीएपीएफ के ठहराव स्थल पर एएमएफ की समीक्षा

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के लिए चिह्नित ठहराव स्थलों व सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) व अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की। इस क्रम में शौचालय, बाथरूम, पेयजल, निर्बाध पानी की सप्लाई, बिजली कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि भवन में सीएपीएफ के लिए उचित संख्या में शौचालय व स्नानागार का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीएसपी (मुख्यालय 1) एस कांती, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग प्रदीप कुमार शुक्ला, सीआरपीएफ के कमांडेंट एस डी त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ की बैठक

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की टीम मतदान के प्रति करेगी जागरूक

धनबाद। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 23 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है तथा एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिन तक पहुंचने की जरूरत हैउन्होंने कहा की इन्फ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी के माध्यम से, ब्लॉगर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसरों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील किया। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं एवं सभी से वोट करने की अपील भी करें। सोशल मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने हेतु भी अपील की गई। स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की एक टीम बनाई है जो मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे।इसमौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, डीडीसी सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर श्री मनोज डे, ज्योति श्री महतो, सनातन महतो, अंजली महतो समेत अन्य मौजूद रहें।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया नक्सल प्रभावित मनियाडीह थाना क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण

धनबाद। आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है द्य इसी अभियान के तहत आज वरीय पुलिस अधीक्षक श्री दीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित मनियाडीह क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी महोदय डंडाटांड और मनियाडीह पहुंचे जहाँ उन्होने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन के मद्देनज़र इस दौरान उन्होंने डंडाटांड और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सारी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। दल बल के साथ एसएसपी महोदय ने मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनियाडीह, प्राथमिक विद्यालय सर्रा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डंडाटांड़, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय जाताखूंटी, प्राथमिक उर्दू विद्यालय भूस्की, मध्य विद्यालय चरककला, प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द का एरिया डोमेनेशन करते हुए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाक़ात की और चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) श्री संदीप गुप्ता, अंचल निरीक्षक (टुंडी) श्री मोहम्मद साजिद हुसैन समेत मनियाडीह थाना की टीम व सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे

धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा बाबूलाल मरांडी के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में हुई

केदारनाथ मित्तल अध्यक्ष व अमरेश सिंह बने महासचिव

धनबादः नवगठित धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा झारखंड के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में की गई। मंच के महासचिव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने बताया कि नवगठित जन चेतना मंच अपने नवीनतम एजेंडा व प्रयासों से धनबाद का कायाकल्प करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी झारखंड बाबूलाल मरांडी ने धनबाद चेतना मंच के झारखंड के बहुत ही महत्वपूर्ण शहर धनबाद के विकास के मद्देनजर हर महत्वपूर्ण एजेंडा को हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना महान गौरव का क्षण है : मो याऊद्दीन

चार दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए

ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि नई दिल्ली रवाना

धनबाद। धनबाद ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। यज्ञ ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा

तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री डी के पाण्डेय और महामंत्री श्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुँचेगी जहाँ विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात और के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं।

ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है जिसमें वी वी गिरी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मधु दंडवते, जार्ज फर्नांडीस, उमरावमल पुरोहित, जे पी चौबे, राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इन्हीं महान समर्पित नेतृत्व के कारण ही रेल मजदूरों के साथ साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों की कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ तथा अनेकों श्रमिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आर के सिंह, अजय सिंह,आई एम सिंह, बी के साव, पी के सिन्हा, रुपेश कुमार, बी बी सिंह, चंदन कुमार शुक्ला, विकास कुमार, आर एन चौधरी, स्वेता कुमारी, दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों को 1.82 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली (हि.स.)। दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मेटल, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 399.68 लाख करोड़ रुपये

(अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 397.86 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,934 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2335 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,480 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 119 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,224 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,372 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 852 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 400.32 अंक उछल कर 74,048.94 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के साथ लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 411.27 अंक की मजबूती के साथ 74,059.89 अंक के स्तर पर पहुंच। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 73,688.31 अंक तक का गोता भी लगाया। हालांकि राहत की बात यही रही कि बिकवाली के दबाव के बावजूद ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 89.83 अंक की मजबूती के साथ 73,738.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 110.65 अंक की बढ़त के साथ 22,447.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 111.15 अंक की तेजी के साथ 22,447.55 अंक तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली के दबाव में ये 22,349.45 अंक तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन की खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी 31.60 अंक की मजबूती के साथ 22,368 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिनभर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज 3.93 प्रतिशत, भारती एयरटेल 3.45 प्रतिशत, नेस्ले 1.73 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.65 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, सन फार्मास्यूटिकल्स 3.60 प्रतिशत, बीपीसीएल 1.73 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.39 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.34 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

नई दिल्ली(हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से मंगलवार को मंगलकारी संकेत मिल रहे हैं। पिछले सप्ताह लगातार दबाव का सामना करने के बाद अमेरिकी बाजार में अब रिकवरी नजर आ रही है। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। डाऊ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली बढ़त बनाए हुए है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में टेक शेयरों में तेजी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों को काफी सपोर्ट मिला। डाउ जॉन्स 250 अंक तक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,006.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 152.89 अंक यानी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,434.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 128.02 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की उछाल के साथ 8,023.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,040.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 123.44 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,860.80 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं, जबकि 2 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,361 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत टूट कर 3,032.3 अंक के स्तर तक गिर गया है।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 187.48 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 37,626.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.22 प्रतिशत उछल कर 3,264.63 अंक तक पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स ने भी आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 271.02 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,782.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेंटेड इंडेक्स 197.19 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,608.41 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,633.23 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,358.22 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स से 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,117.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

एवरेस्ट ने कहा- हमारे मसाला उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले



नई दिल्ली(हि.स.)। सिंगापुर और हांगकांग में एवरेस्ट के मसाला उत्पाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बीच एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एवरेस्ट स्पाइसेज) ने कहा कि उसके सभी उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता के हैं। हालांकि, खाद्य नियामक ने देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच कराने की बात कही है। वाणिज्य मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी ब्योरा मांगा है। एवरेस्ट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि हमारे उत्पादों पर किसी देश में प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने कहा कि एवरेस्ट के 60 उत्पादों में से केवल एक को जांच के लिए रखा गया है। यह एक मानक प्रक्रिया है, कोई प्रतिबंध नहीं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को आश्वस्त करते हैं कि हमारे उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले हैं, इसलिए चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है।

प्रवक्ता के मुताबिक यह एक मानक प्रक्रिया है, कोई प्रतिबंध नहीं। एवरेस्ट स्पाइसेज के 60 उत्पादों में से सिर्फ एक उत्पाद को जांच के लिए रखा गया है। खाद्य सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी उत्पाद कड़े गुणवत्ता नियंत्रण जांच से गुजरते हैं। भारतीय मसाला बोर्ड की प्रयोगशालाओं से आवश्यक मंजूरी और अनुमोदन मिलने के बाद ही निर्यात को मंजूरी दी जाती है। इससे पहले दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। इस संबंध में भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों के साथ-साथ दोनों ही देशों में भारतीय दूतावासों से मामले की जानकारी भी मांगी है। उल्लेखनीय है कि सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं की वजह से एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन उत्पादों में एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच मद्रास करी पाउडर (मद्रास करी के लिए मसाला मिश्रण), एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर और एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर है।

घरेलू शेयर बाजार में तेजी, उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी उछले

नई दिल्ली(हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती उतार-चढ़ाव के बाद मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार में मुनाफावसूली की वजह से शेयर बाजार के सूचकांकों में गिरावट भी आई। लेकिन खरीदारों ने थोड़ी ही देर में लिवाली का जोर बना कर इन सूचकांकों की रफ्तार बढ़ा दी। एक घंटे का शुरूआती कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजी, श्रीराम फाइनेंस, टाइटन कंपनी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 1.85 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एचडीएफसी लाइफ, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और बजाज ऑटो के शेयर 1.20 प्रतिशत से लेकर 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,113 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,470 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 643 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 6 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 400.32 अंक उछल कर 74,048.94 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 73,763.91 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 284.80 अंक की मजबूती के साथ 73,933.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 110.65 अंक की तेजी के साथ 22,447.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 22,368.45 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में लिवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने तेजी से ऊपर चढ़ना शुरू कर दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 78.85 अंक की मजबूती के साथ 22,415.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

रिलायंस और जेएसडब्ल्यू समेत सात कंपनियों ने बैटरी संयंत्र के लिए किया आवेदन

नई दिल्ली(हि.स.)। निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी सहित सात कंपनियों ने बैटरी विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन किया है।

भारी उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सात कंपनियों से 3,620 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 10 गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र स्थापित करने के लिए आवेदन मिले हैं। इन कंपनियों में आरआईएल और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के साथ अन्य बोलीदाताओं में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, अमारा राजा एडवांस्ड

सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, अन्वी पावर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, लुकास टीवीएस लिमिटेड और वारी एनर्जीज लिमिटेड हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय की ओर से इसी साल 24 जनवरी को जारी एक वैश्विक निविदा के जवाब में कुल 70 गीगावाट क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्रों के लिए बोलियां मिली हैं। मंत्रालय ने 10 गीगावाट उन्नत रसायन सेल (एसीसी) विनिर्माण के लिए पीएलआई की बोली लगाने की फिर से घोषणा की थी। इसके लिए पहली बैठक 12 फरवरी को हुई थी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी और तकनीकी बोलियां मंगलवार को खोली गईं हैं।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024

मेष : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

वृष : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

मिथुन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

कर्क : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

सिंह : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

कन्या : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

तुला : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

धनु : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

मकर : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

कुंभ : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

मीन : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्धि होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।







कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.24 डॉलर यानी 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 87.24 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.29 डॉलर यानी 0.35 फीसदी उछलकर 82.85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज से किया कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली(हि.स.)। हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब भारत से जापान जाना और आसान हो जाएगा। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। इस समझौते के बाद यात्रियों को कई सारे फ्लाइट के ऑप्शन मिल सकेंगे। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा।

एयर इंडिया ने मंगलवार को ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम कोडशेयर पार्टनर की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस समझौते के लागू होने के बाद एयर इंडिया और ऑल निप्पॉन एयरवेज के यात्री एक ही टिकट के साथ भारत-जापान के बीच वांछित गंतव्य के लिए उड़ान भर सकते हैं। एयरलाइन ने कहा कि हम आपको भारत और जापान के बीच और भी अधिक सुविधाजनक कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। यदि आप फ्लाइंग रिटर्न्स गोल्ड या प्लेटिनम के सदस्य हैं, तो यह आपको दोनों एयरलाइनों पर प्रीमियम सेवाओं का आनंद लेने की सुविधा भी देता है। इस समझौते के तहत दोनों एयरलाइनों की फ्लाइटों को एक ही टिकट में कवर किया जा सकेगा।

डीजीसीए का निर्देश- विमान में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ सीट दी जाए

नई दिल्ली(हि.स.)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को उड़ान के दौरान 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित करने का निर्देश दिया है।

डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। इसके साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में आया है।

अब डीजीसीए की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।

जमीनी स्तर पर गोलकीपिंग और ड्रैग-फ्लिकिंग कार्यक्रम शुरू करने के लिए हॉकी इंडिया की आभारी हूं: जसप्रीत कौर

नई दिल्ली(हि.स.)। भारत की पूर्व महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी जसप्रीत कौर पूर्व ड्रैग-फ्लिकरों के समूह का हिस्सा थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में साई बेंगलुरु में हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज के संरक्षण में गहन प्रशिक्षण लिया था। प्रशिक्षण सत्र हॉकी इंडिया की अनूठी पहल का एक हिस्सा था जिसका उद्देश्य पूरे देश में कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करना और हॉकी प्रतिभा की अगली पीढ़ी का पोषण करना था।

कोचिंग में एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में भारत के प्रतिष्ठित पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और प्रतिष्ठित पूर्व ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वीआर रघुनाथ, और, जसप्रीत कौर ने हिस्सा लिया। हरमन क्रूज की निगरानी में, इन दिग्गजों ने अपने कोचिंग कौशल को निखारा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग दृष्टिकोण को सुव्यवस्थित करना है, जिससे देश भर के एथलीटों को, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, समान बुनियादी बातों और कौशल सीखने में सक्षम बनाया जा सके, जिससे प्रशिक्षण मानकों में एकरूपता को बढ़ावा मिले।

प्रशिक्षण शिविर के अपने अनुभव को लेकर जसप्रीत ने मंगलवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हॉकी इंडिया ने गोलकीपिंग और ड्रैग-फ्लिकिंग के लिए एक शानदार कार्यक्रम शुरू किया है क्योंकि वे कौशल के विभिन्न सेट हैं। इसके लिए एक विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है। इसलिए, भारतीय हॉकी के दिग्गजों को बुलाया गया था। इस प्रशिक्षण में मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। हमें एथलीटों की पहचान करने और शरीर और गेंद के संयोजन, और ड्रैग-फ्लिकिंग के चरणों और प्रक्रियाओं के बारे में पैरामीटर बनाने के लिए कहा गया था। हमारी टीम ने उन मापदंडों को बनाया और एक मॉड्यूल बनाया, जो हमें संभावित ड्रैग-फ्लिकर की पहचान करने में मदद करेगा।"

एक प्रशिक्षक और कोच के रूप में अपनी नई भूमिका पर पूर्व भारतीय डिफेंडर ने कहा कि वह सीख रही हैं कि एथलीटों के साथ कैसे संवाद किया जाए और उन्हें प्रगति करने के चरणों के बारे में समझाया जाए। उन्होंने कहा, "कोचिंग सीखने से अलग है। किसी को पढ़ाना कठिन है। कोच के रूप में यह मेरा पहला मौका है। मैं यह भी सीख रही हूं कि युवा एथलीटों को कैसे प्रशिक्षित किया जाए। इसलिए, मैं यह भी सीख रहा हूं कि मैं कैसे संवाद कर सकती हूं और खिलाड़ियों को समझा सकती हूं। मैं एथलीटों से उन भाषाओं में बात करने चाहती हूं, जिनमें वे सहज हैं।"

रांची में अपने शिविर के बाद, जसप्रीत इम्फाल जाने से पहले भोपाल, औरंगाबाद की यात्रा करेंगी और फिर ओडिशा के भुवनेश्वर में नेवल टाटा अकादमी जाएंगी। सभी गंतव्यों पर, वह तीन दिनों में पांच शिविर आयोजित करेंगी।

2017 के बाद हॉकी के खेल में वापसी कर रही जसप्रीत ने कहा कि वह उस खेल को वापस देना चाहती हैं जिसने उन्हें पहचान दिलाई। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने 2011 और 2017 के बीच सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 13 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उन्होंने कहा, "मुझे फिर से बुलाने के लिए मैं हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं। यह मेरे लिए हॉकी और देश को वापस भुगतान करने का समय है। खेल ने मुझे बहुत कुछ दिया है, और मैं खेल के कारण इस स्तर तक पहुंची हूं। मैं चाहती हूं कि खेल को विकसित करूँ, मां बनने के बाद महिलाएं और भी मजबूत हो जाती हैं। वापस आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मैं पूरे दिल से युवाओं को प्रशिक्षित करना चाहती हूं और इस मौके के लिए मैं हॉकी इंडिया की आभारी हूं।"

क्रिकेट आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सफेद गेंद श्रृंखला को किया स्थगित

डबलिन(हि.स.)। क्रिकेट आयरलैंड ने वित्तीय बाधाओं के कारण इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली अपनी सफेद गेंद की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है।

ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की बड़ी सीरीज से पहले अगस्त में तीन वनडे और एक टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करना था। क्रिकेट आयरलैंड के प्रमुख वारेन ड्यूट्रोम ने सोमवार को पुष्टि की कि बोर्ड को अपने संगठन के कारण होने वाले अनुमानित वित्तीय नुकसान को ध्यान में रखते हुए श्रृंखला को स्थगित कर दिया गया था।

विजडन के हवाले से ड्यूट्रोम ने द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट को बताया, आयरलैंड में हमारे पास बहुत कम पिचें हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर सकती हैं, इसलिए हमें काफी कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें मालाहाइड क्रिकेट ग्राउंड को खोलना होगा, और अगर हम ऐसा करने जा रहे थे, तो हमने अनुमान लगाया कि मालाहाइड को खोलना हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण नुकसान होगा। तथ्य यह है कि, प्रसारण अधिकारों के लिहाज से, ऑस्ट्रेलिया संभवतः हमारे सभी विभिन्न विरोधियों में चौथा सबसे बड़ा होगा... इससे उत्पादन की लागत भी शामिल नहीं होगी, मालाहाइड को खोलने और ध्यान में रखते हुए कि यह पूरी तरह से ग्रीन-फील्ड साइट है, दुर्भाग्य से, हमें ये कठिन निर्णय लेने होंगे।

पिछले साल अगस्त में, आयरलैंड ने तीन मैचों की टी 20 श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी की थी, जिसमें चोट के कारण लंबे समय के बाद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की खेल में वापसी हुई थी। 2022 में, अफगानिस्तान ने बेलफास्ट में पांच मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। पिछले साल, आयरलैंड ने इंग्लैंड के चेम्सफोर्ड काउंटी ग्राउंड में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी और इंग्लैंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने 'घरेलू' मैच भी खेले थे।

क्रिकेट आयरलैंड प्रमुख ने एक नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की योजना पर ध्यान केंद्रित किया और महिलाओं और आयु-स्तरीय क्रिकेट में निवेश बढ़ाने की अनुमति के संदर्भ में निर्णय को उचित ठहराया।

उन्होंने कहा, हम अब एक ऐसा बोर्ड नहीं हैं जो विशेष रूप से हमारे द्वारा आयोजित पुरुष सीनियर क्रिकेट की मात्रा से खुद को तौलता है। हम कोशिश करने जा रहे हैं और जाहिर तौर पर भविष्य में फिर से ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे। लेकिन हम इस साल 46 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं। हम अपने पुरुषों की इंटर-प्रोस, हमारी महिलाओं की सुपर सीरीज के साथ प्रांतीय स्तर पर 47 या 48 मैचों का समर्थन कर रहे हैं; हमारे पास एक उभरती हुई प्रतियोगिताएं हैं;हमारी वोल्व्स (पुरुषों की ए टीम) नेपाल में रही है; हम इस वर्ष वेस्टइंडीज अंडर-23 की मेजबानी करने जा रहे हैं। यह प्रतिनिधि क्रिकेट का एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

ओलंपिक चयन ट्रायल: आशी, स्वप्निल ने 3पी ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया

नई दिल्ली(हि.स.)। निशानेबाज आशी चौकसे और स्वप्निल कुसाले ने मंगलवार को नई दिल्ली में ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पधाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

आशी ने महिलाओं की 3पी ओएसटी में 590 का स्कोर किया जबकि सिफ्त कौर समरा 583 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टोक्यो ओलंपियन अंजुम मौदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक कोटा धारक श्रीयंका सदांगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

वहीं, पुरुषों के 3पी में स्वप्निल ने पहले नीलिंग और प्रोन पोजीशन में दो शानदार 199 अंकों के साथ दूसरों को पछाड़ते हुए कुल 592 अंक अर्जित किये और शीर्ष पर रहे।

सेना के अनुभवी छोटे बोर विशेषज्ञ चैन सिंह 591 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण प्रोन में 200 अंक के बावजूद 589 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज कुमार और ऐश्वर्या तोमर क्रमशः 579 और 576 के स्कोर के साथ मैदान में सबसे पीछे रहे।

इस बीच, भारत के ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को दोहा में ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप से बाहर हो गए। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमन 119 अंक अर्जित कर 23वें स्थान पर रहे, जबकि विवान कपूर 56वें (116 अंक) और जोरावर सिंह संधू 82वें (114 अंक) रहे।

अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा आयरलैंड



नई दिल्ली(हि.स.)। आयरलैंड इस साल के अंत में अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक 'घरेलू' सफेद गेंद श्रृंखला का आयोजन करेगा, इसके बाद जुलाई में अपने इतिहास में दूसरी बार घरेलू पुरुष टेस्ट मैच की भी मेजबानी करेगा, जब उनकी टीम स्टॉर्मोन्ट में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी। क्रिकेट आयरलैंड ने सोमवार को पुरुष और महिला टीमों के लिए अपने घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की है, हालांकि सभी मैच घर पर नहीं होंगे।

आयरलैंड ने 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त किया और 2018 में डबलिन के पास मालाहाइड में अपना पहला पुरुष टेस्ट मैच खेला, लेकिन उनके पास एक स्थायी घरेलू स्टेडियम नहीं है और अस्थायी बुनियादी ढांचे की उच्च लागत का मतलब है कि उनके बाद के छह टेस्ट मैच विदेश में हुए हैं। जिसमें इस साल की शुरूआत में अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ उनकी पहली जीत भी शामिल है।

इस गर्मी में वे 25-29 जुलाई तक स्टॉर्मोन्ट, बेलफास्ट के सिविल सर्विस मैदान में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेंगे।

दक्षिण अफ्रीका को शुरू में जुलाई में तीन एकदिवसीय और तीन टी20 के लिए आयरलैंड का दौरा करना था, लेकिन इसके बजाय वे सितंबर के अंत से अबू धाबी में तीन एकदिवसीय और दो टी20 खेलेंगे। यह आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी विदेशी श्रृंखला है जिसे दक्षिण अफ्रीका तटस्थ मैदान पर खेलेगा, इससे पहले 2022 में क्रिकेट आयरलैंड ने दो टी20 मैचों को इंग्लैंड के ब्रिस्टल में स्थानांतरित किया था।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में ड्यूट्रोम ने कहा, ₹यह फिक्स्चर शेड्यूल हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे की बाधाओं के संबंध में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करते हुए कई प्रारूपों में प्रतिस्पर्धी, उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट का संतुलन बनाने का प्रयास करता है। हालांकि हम इनमें से कुछ चुनौतियों के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर काम कर रहे हैं - विशेष रूप से प्रस्तावित स्थायी स्टेडियम के लिए सरकार से बातचीत जारी है, हम जानते हैं कि हमें लगातार बढ़ते कार्यक्रम की मेजबानी के लिए अल्पावधि में अपनी क्षमता को रचनात्मक रूप से बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना होगा।₹

ड्यूट्रोम ने पहले पुष्टि की थी कि ऑस्ट्रेलिया का तीन वनडे और एक टी-20 मैच का निर्धारित दौरा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस गर्मी के लिए भविष्य के दौरे के कार्यक्रम में आयरलैंड के 20 घरेलू पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैचों में से केवल चार जिम्बाब्वे टेस्ट, और अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी 20 आई, वास्तव में आयरलैंड में होंगे, जबकि 11 को या तो रद्द कर दिया गया है या स्थगित कर दिया गया है। आयरलैंड 1995 के बाद पहली बार इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की भी मेजबानी करेगा। लौरा डेलानी की टीम अक्टूबर में बांग्लादेश में टी20 विश्व कप के लिए वैश्विक क्वालीफायर से पहले संयुक्त अरब अमीरात में है, और सितंबर में इंग्लैंड से खेलने से पहले अगस्त में श्रीलंका से भिड़ेगी।

आयरलैंड के घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम:

पुरुष टीम:

25-29 जुलाई - टेस्ट मैच बनाम जिम्बाब्वे (स्टॉर्मोन्ट)

27, 29 सितंबर - टी20 बनाम दक्षिण अफ्रीका (अबू धाबी)

2, 4, 7 अक्टूबर - वनडे बनाम दक्षिण अफ्रीका (अबू धाबी)

महिला टीम:

11, 13 अगस्त - टी-20 बनाम श्रीलंका (पेमब्रोक)

16, 18, 20 अगस्त - आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे बनाम श्रीलंका (स्टॉर्मोन्ट)

7, 9, 11 सितंबर - आईसीसी महिला चैम्पियनशिप वनडे बनाम इंग्लैंड (स्टॉर्मोन्ट)

14, 16, 17 सितंबर - टी-20 बनाम इंग्लैंड (क्लोंटारफ)

चीन ने अंडर-23 एशियन कप के अंतिम ग्रुप मैच में यूएई को हराया

दोहा(हि.स.)। चीन ने सोमवार को यहां अंडर-23 एशियाई कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 2-1 से हरा दिया और एक जीत और दो हार के साथ टूनार्मेंट से बाहर हो गया।

जापान और दक्षिण कोरिया से हारने के बाद पहले ही ग्रुप से आगे बढ़ने का मौका खो चुके चीन के मुख्य कोच चेंग याओदोंग ने पिछले मैच से अपने शुरूआती लाइनअप में केवल एक बदलाव किया, जिसमें ली हाओ ने हुआंग जिहाओ की जगह ली।

चीन के लिए टूनार्मेंट का पहला गोल जी वेनेंग ने 24वें मिनट में किया जब उन्होंने कॉर्नर के बाद बॉक्स के अंदर गेंद को अपने बेहतरीन शॉट से गोल पोस्ट में पहुंचा दिया।

चीन का दूसरा गोल यूएई के डिफेंडरों की गलती के कारण हुआ, लियू झुरुन ने यूएई के डिफेंडरों की गलती का फायदा उठाते हुए गेंद अपने कब्जे में किया और गोल पोस्ट में डालकर हाफटाइम से ठीक पहले चीन की बढ़त 2-0 कर दी।

यूएई ने दूसरे हाफ में अहमद फावजी के माध्यम से गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि टीम इसके बाद बराबरी का गोल नहीं कर सकी और चीन ने मैच 2-1 से जीत लिया। ग्रुप बी के अन्य मैच में दक्षिण कोरिया ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि जापान भी दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर गया।

हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसा हमने गुजरात के खिलाफ खेला था : डेविड वार्नर



नई दिल्ली(हि.स.)। अब तक आठ में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल करने के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के बाकी मैचों में चीजों को बदलने की कोशिश करेगी।

दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान क्रिकेट पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से बात की, जिसमें सीजन में टीम का अब तक का प्रदर्शन भी शामिल था। वार्नर ने कहा,"हम वहां नहीं हैं जहां हम टीम की खातिर होना चाहते थे। हम कुछ और मैच जीतना चाहेंगे। लेकिन प्लेऑफ में जाने के लिए स्पष्ट रूप से हमें अगले सभी मैच जीतने होंगे। इसलिए हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसे हमने गुजरात के खिलाफ खेला था।" ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, "हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना है। अगर हम विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर करने से रोकें तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो बोर्ड पर एक बड़ा स्कोर खड़ा करने की कोशिश करेंगे।"वार्नर ने आगे बताया कि दिल्ली कैपिटल्स के पास खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा, "लोग जिस तरह से प्रशिक्षण और तैयारी कर रहे हैं, उसमें कोई गलती नहीं कर सकते। खेलों में कभी-कभी ऐसा होता है कि कार्यान्वयन नहीं होता है। और हम जानते हैं कि जब हम शुरूआत में विकेट लेते हैं, तो हम एक बहुत ही खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण होते हैं।" जब वार्नर से टीम के उन दो युवाओं के बारे में पूछा गया जिन्होंने इस सीजन में उन्हें प्रभावित किया है, तो उन्होंने अभिषेक पोरेल और, जेक फ्रेजर मेकगर्क का नाम लिया।" उन्होंने कहा,"जेक शानदार खिलाड़ी हैं और हम सभी जानते हैं कि उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा,"अभिषेक पहले मैच में भी नहीं खेलने वाले थे, लेकिन हमने शुरूआती विकेट खो दिए थे और फिर एक इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में वो आये। मुझे लगता है कि उसके पास नौ गेंदें या कुछ और थीं और उसने लगभग 30 रन बनाए। इससे खेल बदल गया और फिर दूसरे मैच में भी उसने बहुत अच्छा खेला। वह एक बहुत अच्छा खिलाड़ी बनने जा रहा है।" दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।

एक नजर

स्टेट कराटे में टीएसएच की वान्या को कांस्य पदक

कानपुर। द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) की वान्या तोमर ने लखनऊ में हुई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीतने का श्रेय प्राप्त किया है। स्टेट चैंपियनशिप में प्रदेशभर के अलग-अलग जनपदों से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें वान्या को यह सफलता हाथ लगी है। लखनऊ के चौक स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में वान्या, जोकि टीएसएच की क्वार्टरली मेंबर है। वान्या ने सीनियर वर्ग में काता इवेंट में ब्रांज मेडल जीता है। टीएसएच में हर खेल की तरह कराटे के लिये भी योग्य प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। कराटे कोच सुनील कुमार जो कि 6 डॉन ब्लैक बेल्ट हैं, बीते लंबे समय से कराटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं और अब तक बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रशिक्षत करके कई डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की भागीदारी करा चुके हैं। वान्या की इस उपलब्धि पर द स्पोर्ट्स हब के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स ने वान्या और उनके कोच सुनील कुमार को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी हैं।

झांसी वर्कशॉप ने आगरा डिवीजन को 4-0 से हराया

प्रयागराज। झांसी वर्कशॉप ने आगरा डिवीजन को 4-0 से हराकर उत्तर मध्य रेलवे की अंतर मंडलीय फुटबाल प्रतियोगिता में पूरे अंक अर्जित किये। डीएसए मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में पहले हॉफ के 25वें मिनट में दीपक ने झांसी वर्कशॉप के लिए पहला गोल किया। 27वें एवं 29वें मिनट में हिमांशु ने गोल करके झांसी वर्कशॉप को 3-0 से आगे कर दिया। दूसरे हॉफ में संदीप ने 18वें मिनट में गोल करके झांसी वर्कशॉप की बढ़त 4-0 कर दी, जो अंत तक बनी रही। उमरे के मंडल खेलकूद सचिव धर्मेंद्र कुमार निषाद ने हिमांशु को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे वाराणसी के शिवेश और खुशी



वाराणसी। वाराणसी के कानीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के छात्र शिवेश शर्मा और खुशी मजुमदार देहरादून में 8 से 12 मई तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अकादमी के मुख्य कोच अरविंद कुमार ने मंगलवार को बताया कि शिवेश और खुशी ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में 20 और 21 अप्रैल 2024 को आयोजित कैडेट, जूनियर, अंडर 21 और सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में वाराणसी का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे दोनों का चयन उत्तर प्रदेश की कराटे टीम में हुआ। उन्होंने कहा कि कैडेट, जूनियर, अंडर 21 और सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में उनके अकादमी के 13 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 09 ने पदक जीते। पदक विजेताओं में शिवेश और खुशी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि भूमि राय, तन्मय, अदिति सोनकर ने रजत और शिवानी गुप्ता, अनुष्का कुमारी, वैदिक सिंह और वैष्णवी तिवारी ने कांस्य पदक जीता।

इंटर मिलान ने जीता अपना 20वां सीरी ए खिताब

रोम। इंटर मिलान ने सोमवार को एसी मिलान को 2-1 से हराकर अपना 20वां सीरी ए खिताब जीता। दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान पर 14 अंकों की आरामदायक बढ़त और केवल छह राउंड शेष होने के साथ, इंटर मिलान अपनी 2021 चैंपियनशिप की सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरा। सैन सिरो में खेले गए इस मैच में इंटर ने लुटारो मार्टिनेज और मार्कस थुरम के साथ एक मजबूत लाइनअप को मैदान में उतारा, जबकि एसी मिलान ने एकमात्र स्ट्राइकर के रूप में राफेल लीओ को स्थान देते हुए, ओलिवर गिरौद को बेंच पर रखने का विकल्प चुना। मैच के 18वें मिनट में फेडरिको डिमार्को के कॉर्नर को बेंजामिन पावर्ड ने चतुराई से गेंद को फ्रांसेस्को एसरबी की ओर फ्लिक किया, जिन्होंने इसे हेड के जरिये गोल पोस्ट में डालकर इंटर मिलान का खाता खोल दिया। मिलान ने हॉफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बरकार रखी। हॉफ टाइम के बाद मैच शुरू होने के चौथे मिनट में ही मार्कस थुरम ने गोल कर इंटर मिलान की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद एसी मिलान ने हमले को मजबूत करने के लिए गिरौद और नोआ ओकाफोर को मैदान में उतारा और उनके प्रयास 80वें मिनट में सफल हो गए, जब माटेओ गैबिया का हेडर पोस्ट से टकरा गया, लेकिन फिकायो तोमोरी ने इसे नेट में डाल दिया और स्कोर 2-1 हो गया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुए और इंटर मिलान ने खिताब अपने नाम कर लिया।

भारत के अनुभवी खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर स्क्वैश से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर स्क्वैश से संन्यास की घोषणा की है। अपने 22 साल के कैरियर के दौरान घोषाल ने 10 प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) खिताब और राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। 37 वर्षीय खिलाड़ी विश्व स्क्वैश रैंकिंग में शीर्ष 10 में भी रह चुके हैं। वह अप्रैल 2019 में शीर्ष 10 में पहुंचे और छह महीने तक वहां रहे। घोषाल ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसए वर्ल्ड टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वैश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की, हमारे अद्भुत खेल के कुछ सबसे बड़े मंचों पर खेलते हुए, मैंने सोचा कि इसका कभी अंत नहीं होगा। लेकिन, हमेशा एक अंतिम बिंदु होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए, गर्व से भरे दिल और दुख की लहर के साथ, मैं पीएसए से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, इन पिछले 2 दशकों ने मुझे एक व्यक्ति के रूप में आकार दिया है और मुझे मिले अवसरों के लिए मैं सदैव आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि मैंने खुद को गरिमा के साथ संचालित किया है और खेल को 'सही तरीके से' खेला है। मैं अपने दादा-दादी, अपने पिता, अपनी पत्नी और अपने प्यारे परिवार के बाकी सदस्यों के बिना इतनी दूर तक नहीं पहुंच पाता। मुझे वह व्यक्ति बनाने के लिए धन्यवाद जो मैं हूं। मैल्कम विलस्ट्रॉप के विशेषज्ञ मार्गदर्शन के बिना मैं आधा पेशेवर खिलाड़ी भी नहीं होता। सौरव ने 2003 में पीएसए में पदार्पण किया था। उन्होंने 10 पीएसए खिताब हासिल किए हैं और उस स्तर पर 18 फाइनल में पहुंचे हैं। पीएसए टूर में उन्होंने अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं।

मुख्यमंत्री धामी बोले- प्रचंड बहुमत से प्रदेश में खिलेगा कमल, कांग्रेस की सोच हमेशा विभाजन की रही

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा विभाजन की रही है। विभाजनकारी सोच के साथ तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। इस बार देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है और ऐतिहासिक मतों से देश की जनता का गठबंधन मोदी के साथ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 60 वर्षों तक वर्ग विशेष के वोट बैंक की चिंता की है। इसके लिए किसी भी स्तर तक जाना कांग्रेस की नीति रही है। देश में तुष्टिकरण और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले ऐसे लोगों को भारत की राष्ट्रवादी जनता सबक सिखाने को तैयार है।हनुमान जयंती पर मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने एक भाषण में अपनी यानी कांग्रेस की सोच देश के सामने रखी थी और आर्थिक संसाधनों (सबकी मेहनत की कमाई) पर पहला अधिकार एक वर्ग विशेष को देने की बात कही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की नीति तुष्टिकरण और विभाजनकारी रही है। कांग्रेस हमेशा वोट बैंक की राजनीति करती रही है। ये केवल कांग्रेस का विकास और सबका विनाश वाली नीति है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देश की जनता भली-भांति समझ रही है कि देश आज आगे बढ़ रहा है। देश आज समान नागरिक संहिता और समान अधिकार के साथ सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबके प्रयास की बात कर रहा है। जबकि कांग्रेस देश को फिर से पीछे ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस बार देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है और ऐतिहासिक मतों से देश की जनता का गठबंधन मोदी के साथ हो गया है। मोदी विजयश्री हासिल करेंगे और फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।

विनय तमांग ने भाजपा उम्मीदवार का किया समर्थन करेंगे, कहा- पहाड़ के लोग भाजपा को ही चुनेंगे

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के महासचिव विनय तमांग ने मंगलवार को कहा कि वह चुनाव में दार्जिलिंग लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करेंगे और पहाड़ी क्षेत्र के लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करेंगे। तमांग ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय सभी मुद्दों पर गहन विचार और समझने के बाद खुद लिया है। तमांग ने कहा कि मैं दार्जिलिंग पर्वत, सिलीगुड़ी तराई और डुअर्स के लोगों की संवैधानिक सुरक्षा और न्याय के लिए दार्जिलिंग निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट को अपना हार्दिक समर्थन देता हूं। उन्होंने दार्जिलिंग पर्वत, सिलीगुड़ी तराई के अपने सभी सम्मानित साथी नागरिकों, अपने सहयोगियों, समर्थकों, शुभचिंतकों, दोस्तों, रिश्तेदारों और परिवारों से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट को समर्थन देने का आह्वान किया।

चारधाम यात्रा : 11 भाषाओं में एसओपी जारी, 50 जगह होगी तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य जांच

देहरादून (हि.स.)। सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा को लेकर उत्तराखंड सरकार संकल्पित है। इस विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) 11 भाषाओं में जारी कर दी है। यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य जांच 50 जगहों पर होगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बदरी-केदार में स्थित अस्पतालों के लिए उपकरणों की खरीद शुरू हो गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती मेडिकल रिलीफ प्वाइंट में की जाएगी। इसके लिए अन्य राज्यों के डॉक्टर भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इसके लिए यात्रा मार्गों पर जगह-जगह हेल्थ एटीएम स्थापित होने के साथ ही टेलीमेडिसिन की सुविधा मिलेगी।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार यात्रा को सुगम व व्यवस्थित बनाने के लिए हरसंभव तरीके से प्रयासरत है। पर्यटन विभाग की वेबसाइट लाइव हो गई है। इसमें हेल्थ पैरामीटर का कॉलम रखा गया है, जिसमें यात्री अपनी हेल्थ से संबंधित पूरी जानकारी भरेंगे तो उन्हें जरूरत के समय इलाज में आसानी रहेगी।

उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए एसओपी 11 भाषाओं में तैयार की गई है। तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हिन्दी, अंग्रेजी के साथ गुजराती, मराठी, तेलगू समेत नौ स्थानीय भाषाओं में मानक प्रचलन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर बाहरी राज्यों को भेज दी है। उन्होंने अवगत कराया कि बाहरी राज्यों को एसओपी भेज दी गई है। जिससे दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं अपनी भाषाओं में स्वास्थ्य संबंधित दिशा-निदर्शों का पालन कर सकें।

उन्होंने बताया कि इस बार तीर्थयात्रियों को यात्रा मार्ग पर पहले से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। राज्य सरकार का विशेष फोकस बदरीनाथ धाम व केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर है। इन दोनों जगहों में स्थापित किये गये अस्पतालों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त उपकरणों की खरीद शुरू हो गई है। जल्द उपकरण अस्पतालों में पहुंच जायेंगे।

तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए यात्रा मार्ग पर 50 स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। इन स्क्रीनिंग प्वाइंट को पंजीकरण प्वाइंट के साथ ही रखा गया है। इसमें तीर्थयात्रियों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित 28 पैरामीटर की जांच की जायेगी। इसमें हंस फाउंडेशन की टीम भी मदद कर रही है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि चारधाम यात्रा में उत्तराखंड के अतिरिक्त अन्य राज्यों के भी डॉक्टर अपनी सेवायें देने को इच्छुक रहते हैं। इसलिए इस बार सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को पत्र लिखकर चारधाम यात्रा में कार्य करने को इच्छुक डॉक्टरों के संबंध में जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही राज्य की डॉक्टरों व अन्य मेडिकल स्टॉफ की तैनाती यात्रा शुरू होने से पूर्व हो जायेगी। डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टॉफ के साथ ही यहां पर आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती भी की जायेगी।

इसके साथ ही मेडिकल रिलीफ प्वाइंट में दवाओं का स्टॉक, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य सामान सहित सभी जरूरी उपकरण मौजूद रहेंगे। प्रत्येक मेडिकल रिलीफ पोस्ट में चिकित्सकों के साथ ही लगभग आधा दर्जन प्रशिक्षित मेडिकल स्टॉफ तैनात किया गया है। वहीं सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही एक दर्जन से अधिक प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की गई है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि यात्रा मार्गों पर हेल्थ एटीएम स्थापित होंगे। सभी जिलों के सीएमओ, सीएमएस को इस संबंध में निर्देशित कर दिया गया है। हेल्थ एटीएम में ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा आदि की जांच की जाएगी। हेल्थ एटीएम में कार्य करने वाले तकनीकि स्टॉप को प्रशिक्षण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए टेलीमेडिसिन सेवा की भी सुविधा रखी गई है। स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परिस्थिति उत्पन्न होने पर यह यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा। इसके द्वारा किसी भी प्रकार की गंभीर स्थिति में 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह प्राप्त की जा सकती है, जिससे बीमारी का तुरंत उपचार शुरू हो सकेगा।

तीर्थयात्रियों को महत्वपूर्ण सलाह-

स्वास्थ्य विभाग ने एसओपी में यात्रियों को सलाह दी कि कम से कम सात दिन के लिए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय प्रत्येक एक से दो घंटे के बाद 5 से 10 मिनट तक विश्राम करें। यात्रा के लिए गरम कपड़े, बारिश से बचाव के लिए रेनकोट, छाता, स्वास्थ्य जांच के लिए पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर साथ में रखें। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह से ग्रसित यात्री जरूरी दवा और डॉक्टर का नंबर अपने पास रखें। यात्रा के दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर आना, उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकल रिलीफ में प्राथमिक उपचार लें।

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर विशेष फोकस -

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग को विशेष फोकस है। विगत वर्ष यहां 10 मेडिकल रिलीफ पोस्ट के साथ ही दो पीएचसी सेंटर भी स्थापित किये गये थे। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर यात्रियों को हेल्थ एटीएम की सुविधा भी मिलेगी। विगत वर्ष की तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुप्तकाशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीकुंड और माधव चिकित्सालय नारायणकोटी में हेल्थ एटीएम की स्थापना के निर्देश दिये गये हैं। डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था है।

श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के इंतजाम

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा मार्ग पर ऐसे डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गयी है जो कि हृदय संबंधी रोगों के उपचार और निदान में पारंगत हों। उन्होंने कहा कि हम चारधाम यात्रा को पूरी तरह से सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए संकल्पित हैं। यात्रा मार्गों पर मौजूद अस्पतालों में डाक्टर, स्टाफ, आक्सीजन सिलेंडर और दवाओं की व्यवस्था की गयी है। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। इस बार किसी भी यात्री को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने चारधाम यात्रा ड्यूटी में तैनात होने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों को पूर्ण सेवाभाव और मनोयोग से यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और सहयोग करने की अपील की।

पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचें राजनीतिक दल : नायडू

नई दिल्ली(हि.स.)। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि राजनीतिक दलों को पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पार्टियां बड़े-बड़े वादे करती हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्हें संसाधन कहां से मिलेंगे। नायडू ने कहा कि लोगों को उन पार्टियों से भी सवाल करना चाहिए जिनके पास संसाधनों के बारे में कुछ नहीं है, लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने खोखले वादे किए।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित अपने आवास पर मीट-एंड-ग्रीट गेट-टुगेदर में ये टिप्पणियां कीं। बातचीत के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए नायडू ने कहा कि पद्म विभूषण सम्मानित होने पर वह विनम्र और संतुष्ट महसूस कर

रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति मेरे विनम्र योगदान की यह मान्यता नए जोश के साथ समाज की सेवा करने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नायडू को पद्म विभूषण से अलंकृत किया था।

नायडू ने राजनेताओं में एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने की प्रवृत्ति की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह इतना व्यापक हो गया है कि कभी-कभी एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में जाने के कारण यह निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है कि अमुक राजनेता किस दल से संबंधित है। राजनीति में इस तरह की पार्टीबाजी एक अस्वस्थ प्रवृत्ति का संकेत है। अपना स्वयं का उदाहरण देते हुए नायडू ने कहा कि वह अपने पूरे करियर में अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहे और कभी भी किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने बताया कि यह स्थिति तब भी थी जब उनकी पार्टी बेहद कमजोर स्थिति में थी। नायडू ने कहा कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए दल-बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की जरूरत है।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने देश के युवाओं से आगे आने और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्हें विकास और स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए नायडू ने भारत के युवा पुरुषों और महिलाओं से अपने तरीके से और अपने स्तर पर समाज की सेवा करने में रुचि लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा ही राष्ट्रवाद और देशभक्ति का सार है और इसका मतलब राजनीति में जाना नहीं है।

आरोग्य भूमि के रूप में स्थापित होगी देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति : राष्ट्रपति

देहरादून (हि.स.)। उत्तराखंड दौरे पर आई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स ऋषिकेश में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति %आरोग्य भूमि% के रूप में भी स्थापित होगी। राष्ट्रपति मंगलवार को एम्स ऋषिकेश के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि प्राचीन महाकाव्यों में उत्तराखंड को औषधि और उपचार से जोड़ा गया है। रामायण कथा के अनुसार इसी क्षेत्र से संजीवनी बूटी लेकर वायु मार्ग से हनुमानजी प्रभु श्रीराम और लक्ष्मणजी के पास पहुंचे थे और लक्ष्मणजी के उपचार में अपना

योगदान दिया था। ऐसे कथानकों के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने गहन और कल्याणकारी संदेश दिए हैं।

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें। इन उद्देश्यों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों की स्थापना की जा रही है।

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। उत्तराखंड में धूप की कमी और स्थानीय खान-पान के कारण ऑस्टियोपोरोसिस, एनीमिया जैसी बीमारियों से लोग विशेषकर महिलाएं प्रभावित होती हैं। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया : राजनाथ

भागलपुर(हि.स.)। भागलपुर के कहलगांव में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर हमला बोला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजद के हुक्म और हुकूमत को आपने लंबे समय तक देखा है। इनकी सारी शक्ति इसी में खर्च हो जाती है। इन्होंने गांव देहात को पिछड़ा बनाकर रखा है। देश और बिहार के जनता को इन लोगों ने मूर्ख बनाकर रखा है। जो सपना बाबा भीमराव अंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर ने देखा था। अगर उसे सचमुच कोई पूरा कर रहा है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कांग्रेस के लोग हिंदू मुसलमान को धर्म के आधार पर समाज को बांट कर अपनी सरकार बनना चाहते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करनी चाहिए। राजनीति अगर करनी चाहिए तो देश बनाने के लिए करनी चाहिए। हमारी सरकार ने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। पक्का मकान अगर मिला है तो सभी धर्म के लोगों को मिला है। किस धर्म के लोगों को राशन देना चाहिए और किस धर्म को नहीं देना चाहिए हमारी सरकार ने ऐसा नहीं किया।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार को इन लोगों ने बर्बाद किया है। खासकर राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया है। सारे देशों में बिहार की चर्चा है कि वहां जंगल राज है। मुख्यमंत्री और मंत्री भारत में जेल जा रहे है। क्या यह काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। बिहार की जनता ने इस बार फैसला कर लिया है कि अगर किसी के साथ रहेगी तो वह भारतीय जनता पार्टी के साथ रहेगी।

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर पूछे सवाल

नई दिल्ली(हि.स.)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर सवाल पूछे हैं। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के धमतरी और जांजगीर-चांपा में रैली करने जा रहे हैं।

रमेश ने पूछा है कि क्या छत्तीसगढ़ की जनता के राशन में कटौती मोदी की गारंटी का हिस्सा है? मोदी सरकार ने जांजगीर के कोसा सिल्क उद्योग को नज़र अंदाज़ क्यों किया है? उन्होंने यह भी पूछा है कि जल-जंगल-जमीन को लेकर

प्रधानमंत्री आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता कब दिखाएंगे ?

जयराम रमेश ने आगे विवरण देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1,000 रुपए महज उनकी पेंशन के बाद केवल जो बची राशि है उसका भुगतान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में जांजगीर-चांपा के सिल्क उद्योग की उपेक्षा सिल्क उद्योग को नुक़सान हो रहा है। वन संरक्षण संशोधन अधिनियम से आदिवासियों को अधिकार देने के सारे प्रयास पीछे छूट गए। इनका अब क्या होगा।

इतिहास के पन्नों में 24 अप्रैल: हैप्पी बर्थ डे सचिन तेंदुलकर

देश-दुनिया के इतिहास में 24 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख सचिन तेंदुलकर को भगवान की तरह मानने वाले देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में जन्मे सचिन तेंदुलकर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जा चुका है। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले वह प्रथम खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। मास्टर ब्लास्टर कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट में विश्व के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। सचिन तेंदुलकर 200 टेस्ट खेलने वाले दुनिया के इकलौते क्रिकेटर हैं। 24 साल तक सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। सचिन तेंदुलकर ने 2013 में संन्यास लिया। वह राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। उन्होंने 1989 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ कराची में डेब्यू किया था। भारतीय पोस्टल सर्विस ने तेंदुलकर का एक डाक टिकट जारी कर चुका है। वह मदर टेरेसा के बाद दूसरे भारतीय हैं जिनके लिए ऐसा डाक टिकट उनके अपने जीवनकाल में जारी किया गया।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1898ः स्पेन ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1920ः पोलैंड की सेना ने यूक्रेन

पर हमला किया।

1926ः बर्लिन संधि पर हस्ताक्षर।

1954ः ब्रिटिश सरकार ने कीनिया के विद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया।

1954ः आस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने राजनयिक संबंध समाप्त किए।

1960ः दक्षिण पर्सिया में भूकंप। 500 लोगों की मौत।

1962ः एमआईटी ने पहली बार सेटेलाइट से टीवी सिग्नल भेजा।

1967ः सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री व्लादिमीर कोमारोव एक अंतरिक्ष अभियान के दौरान दम तोड़ने वाले पहले व्यक्ति। पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने के कुछ देरबाद उनके अंतरिक्ष यान के पैराशूट के तार उलझ गए और वह कई मील की ऊंचाई से धरती पर आ गिरे।

1970ः चीन का पहला उपग्रह डांग फांग हांग लॉन्च किया गया।

1973ः भारत रत्न से अलंकृत मास्टर ब्लास्टर सचिन रमेश तेंदुलकर का मुंबई में जन्म।

1998ः क्लोन भेड़ डॉली ने एक स्वस्थ मेमने बॉनी को जन्म दिया।

2002 - अर्जेंटीना में बैंक अनिश्चितकाल के लिए बंद।

2003: तमिल विद्रोहियों का मानवीय मसलों पर होने वाली 17वें दौर (थाईलैंड) की वार्ता में भाग लेने से इनकार।

2006: नेपाल में संसद बहाल।

2007: हमास ने इजराइल पर हमला करके युद्धविराम को तोड़ा।

2008: नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारतऔर नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

2013ः बांग्लादेश की राजधानी ढाका में इमारत गिरने से सैकड़ों लोगों की मौत।

जन्म

1909: राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री टीका राम पालीवाल।

1938: हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता मैक मोहन।

1945: अमेरिका के कम्प्यूटर वैज्ञानिक लैरी टेस्लर।

1956: छत्तीसगढ़ की पहली महिला कलाकार और %पंडवानी% की %कापालिक शैली% की गायिका तीजनबाई।

1973: गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत।

निधन

1944: हिन्दी समाचार पत्र दैनिक %आज% के संस्थापक और प्रसिद्ध क्रान्तिकारी शिवप्रसाद गुप्त।

1972: भारत के प्रसिद्ध चित्रकार जामिनी रॉय।

1974ः प्रसिद्ध हिन्दी कवि रामधारी सिंह %दिनकर%।

2011ः आध्यात्मिक गुरु सत्य साई बाबा।

कांग्रेस ने विनय तमांग को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

कोलकाता (हि.स.)। दार्जिलिंग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करने वाले कांग्रेस नेता विनय तमांग को पार्टी ने छह साल के लिए निकाल दिया है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मनोज चक्रवर्ती की ओर से मंगलवार शाम इस बारे में बयान जारी किया गया है। इसमें लिखा गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निकाला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बंगाल कांग्रेस के महासचिव के पद पर रहे विनय तमांग ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि वह दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करेंगे। उन्होंने पहाड़ के लोगों से भी राजू बिष्ट को ही वोट देने की अपील की थी।

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर गिरफ्तार हुआ पाकिस्तानी घुसपैठिया

श्रीगंगानगर (हि.स.)। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा है। अब उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। अभी घुसपैठिए के भारतीय सीमा में आने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। बीएसएफ के मुताबिक श्रीकरणपुर इलाके के गांव 14 एस माझीवाला और नग्गी के बीच तारबंदी पार करके भारतीय सीमा में घुस रहे घुसपैठिए को जवानों ने ललकारा तो वह रुक गया। बीएसएफ जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घुसपैठिया बहादुर अली (25) पुत्र मोहम्मद हनीफ पाकिस्तान के पाक पत्तन जिले के मोहजा बाहरा का निवासी है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि घुसपैठिए को श्रीकरणपुर सीमा पर पकड़ा गया है। उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाकर पूछताछ की जाएगी।

एआईसीटीई ने लांच की डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेशनल स्कीम, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ छात्रों को करेंगे प्रेरित

नई दिल्ली (हि.स.)। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने मंगलवार को एआईसीटीई-डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेशनल स्कीम (डीपीएस) का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य उद्योग जगत, संस्थानों और रिसर्च लैब के विशेषज्ञों का एक समूह तैयार करना है ताकि उनके डोमेन के भीतर उच्च योग्यता रखने वाले और प्रतिष्ठित पेशेवरों को शामिल किया जा सके।

इस योजना का लक्ष्य एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों के छात्रों और संकाय सदस्यों को लेक्चर और सेमिनार आदि के माध्यम से प्रेरित व प्रोत्साहित करना है। यह योजना छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने, उद्योग जगत के साथ अच्छे संबंधों एवं अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप और उद्यमिता का समर्थन करने और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को मजबूत करने के लिए बनाई गई है।

स्कीम को लांच करने के दौरान एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर सीताराम ने अनुभवी पेशेवरों द्वारा संकाय और छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह आदान-प्रदान न केवल छात्रों की उद्योग जगत की जरूरतों की समझ को समृद्ध करेगा, बल्कि संकाय सदस्यों की शिक्षण क्षमताओं को भी बढ़ाएगा। यह छात्रों को नौकरी के बाजार में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।

योजना में पंजीकरण कराने के लिए इच्छुक योग्य पेशेवरों के लिए यह अनिवार्य है कि उन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में समाज के लिए अद्वितीय तकनीकी या पेशेवर योगदान दिया हो। उनको अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार और ब्यूरोक्रेसी के क्षेत्र में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। योजना का कार्यकाल तीन साल या 75 वर्ष की आयु तक है, जो भी पहले हो। पेशेवरों को संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ पूरे दिन के सेशन के लिए 15 हजार रुपये का मानदेय मिलेगा। एक प्रोफेशनल प्रतिमाह दो और प्रतिवर्ष अधिकतम 12 सेशन ले सकता है जिसमें कम से कम तीन सेशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित संस्थानों में होने चाहिए।

योजना के लिए नामांकन पूरे वर्ष डीपीएस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। एआईसीटीई-डीपीएस का प्रस्ताव अनुरोध या निमंत्रण पत्र में दी गई अवधि के लिए वैध रहेगा। मेजबान संस्थान अनुमोदित पैनल से विशिष्ट पेशेवरों का अनुरोध करने के लिए एआईसीटीई डीपीएस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। हर सेशन के बाद संस्थान को निर्धारित प्रारूप में एक रिपोर्ट और फीडबैक देना भी अनिवार्य है। एआईसीटीई की ओर से सेशन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 07 मई को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के आठ उम्मीदवार भी हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निर्विरोध होने के कारण इसका आंकड़ा शामिल नहीं है।

चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में 95 संसदीय क्षेत्रों (बैतूल लोकसभा क्षेत्र) के लिए कुल 2963 नामांकन दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1563 नामांकन वैध पाए गए।

गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म थे, जिसमें से सूरत सीट पर चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस कारण तीसरे चरण में गुजरात में सिर्फ 25 सीटों पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ में लासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब इस चरण का मतदान तीसरे चरण में यानी 07 मई को होगा।

इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

असम की कोकराझार (एसटी), धुबरी, बारपेटा, गुवाहाटी; बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया; छत्तीसगढ़ की सरगुजा (एसटी), रायगढ़ (एसटी), जांजगीर-चांपा (एससी), कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। गुजरात की कच्छ (एससी), बनासकांठा, पाटण, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम (एससी), सुरेन्द्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आणंद, खेड़ा, पंचमहाल, दाहोद (एसटी), वडोदरा, छोटाउदेपुर (एसटी), भरूच, बारडोली (एसटी), नवसारी, बलसाड (एसटी)।

कर्नाटक की चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर (एससी), गुलबर्गा (एससी), रायचूर (एसटी), बीदर, कोप्पल, बेल्लारी (एसटी), हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा। मध्य प्रदेश की मुरैना, भिंड (एससी), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और भोपाल।

महाराष्ट्र की रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर (एससी), शोलापुर (एससी), माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले। उत्तर प्रदेश की सम्भल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोज़ाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आँवला और बरेली। पश्चिमी बंगाल की मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद।

दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव की दमन और दीव और दादरा और नागर हवेली (एसटी)। जम्मू-कश्मीर की अनन्तनाग-राजौरी।

इन सीटों पर मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक होगा। हालांकि असम की सीटों पर मतदान सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। बिहार की खगड़िया, मधेपुरा सीट के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम 04 बजे तक होगा।

न्यूज गैलरी

उत्कृष्ट उपलब्धियों पर भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों को पुरस्कृत करेंगी राष्ट्रपति

देहरादून (हि.स.)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में प्रशिक्षणरत 2022-24 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह का आयोजन 24 अप्रैल को दीक्षांत-गृह वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि होंगी और उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले परिवीक्षार्थियों को समारोह में प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आई हैं। भारतीय वन सेवा **परिवीक्षार्थी समेत दो विदेशी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का होगा समापन** इस अवसर पर 2022-24 पाठ्यक्रम के 99 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी तथा मित्रदेश भूटान के दो विदेशी प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन होगा। वर्तमान बैच से सर्वाधिक 15 अधिकारी मध्य प्रदेश राज्य को प्राप्त होने जा रहे हैं। जबकि उत्तराखंड को तीन अधिकारियों की सेवाएं मिलेंगी। **भारत के अलावा 14 देश के वन अधिकारियों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी से ली है प्रशिक्षण** 1926 से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून पहले इंडियन फॉरेस्ट कॉलेज और अब राष्ट्रीय वन अकादमी के रूप में देश की सेवा कर रहा है। स्वतंत्र भारत के समस्त भारतीय वन सेवा अधिकारियों और 14 मित्र राष्ट्रों के 365 वन अधिकारियों ने अब तक इस संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

भाजपा ने दिल्ली में 9745 स्थानों पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

नई दिल्ली (हि.स.)। हनुमान जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजधानी दिल्ली में 9745 स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने राजनगर के बूथ संख्या-18 पर कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर धनखड़ ने देश व प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान श्री राम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव और स्नेह पूर्ण अतुलनीय सम्बंध का उल्लेख या उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज राम भक्त हनुमान का गुणगान भी प्रभुराम की तरह हो रहा है। धनखड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक का दृश्य देखकर हर भारतीय ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अपने पुराने गौरव की ओर लौट रहा है। मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में ढांचागत विकास के साथ सनातनी संस्कृति, विरासत और संस्कारों का पुनरुत्थान किया है। दिल्ली प्रभारी ने कहा कि सभी के सपनों का भारत हकीकत में बदले यह मोदी की गारंटी है। नई तकनीक और नवाचार को अपनाते हुए भारत अगले पांच वर्षों में हर चीज का वैश्विक हब बनकर उभरे, यही हमारा संकल्प है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो, यह हर भारतीय का सपना है और भाजपा का संकल्प। पिछले दस वर्षों में केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने वह करके दिखाया है।

संविधान समानता और लोकतंत्र की जो शिक्षा देता है, उसे हर हाल में उसके मूल स्वरूप में संरक्षित किया जाना जरूरी: नजीब जंग

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद में राम बहादुर राय की पुस्तक आईन-ए-हिंद: अनकही कहानी (उर्दू संस्करण) का विमोचन और परिचर्चा

नई दिल्ली (हि.स.)। वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय की पुस्तक आईन-ए-हिंद अनकही कहानी का विमोचन समारोह एवं परिचर्चा दिल्ली स्थित राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद (उर्दू भवन) में आयोजित की गई। परिचर्चा में अपने अध्यक्षीय भाषण में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग ने भारत के संविधान के बारे में बात करते हुए कहा कि संविधान के मूल ढांचे को बिलकुल भी बदलने की जरूरत नहीं है। संविधान समानता और लोकतंत्र की जो शिक्षा देता है, उसे हर हाल में उसके मूल स्वरूप में बाकी रखा जाना जरूरी है। आईन-ए-हिंद- अनकही कहानी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा अनोखा काम न पहले कभी हुआ है और न भविष्य में होगा। यह किताब हर किसी को पढ़नी चाहिए और खासकर नई पीढ़ी को इसका अध्ययन करना चाहिए।

राष्ट्रीय भाषा विकास परिषद के निदेशक डॉ शम्स इकबाल ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर दिल्ली के चार विश्वविद्यालयों में %बुक एंड रीडिंग% नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि छात्रों को किताबों से करीब लाया जा सके और किताब कल्चर को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी देश संविधान के तहत चलता है और सरकारें संविधान के

दायरे में ही चलती हैं। यह किताब बहुत अलग है, इस किताब को पढ़कर अंदाजा होगा कि संविधान क्यों बना और संविधान बनाने की क्या प्रेरणाएं क्या थीं। इन बातों को इस पुस्तक में बहुत अच्छी तरह से समझाया गया है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान पर विश्वास करना एक बात है और इसे जानना दूसरी बात है। संविधान को जानने के लिए इस किताब को पढ़ना बहुत जरूरी है। संविधान पर कई किताबें हैं, देश के प्रत्येक नागरिक को उस देश के संविधान को समझना चाहिए और उसमें उल्लिखित कानूनों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के सबसे अलग तरीके से लिखा गया है। देशों के संविधान में कहा गया है कि इसे बदला नहीं जा सकता, लेकिन भारत का संविधान खुला है, जरूरत पड़ने पर इसे बदला जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान की सबसे बड़ी ताकत यह है कि इसमें धर्म और मजहब के लिए कोई जगह नहीं है, बल्कि नागरिक और उसके अधिकारों को केंद्र में रखा गया है।

कानून विशेषज्ञ और मानवाधिकारों के विद्वान प्रोफेसर ख्वाजा अब्दुल मुंतकिम ने इस अवसर पर कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास संविधान है, दुनिया में कई देश हैं जिनके पास अपना कोई संविधान नहीं है। पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस पुस्तक के अधिकांश सन्दर्भ मानक कृतियों से दिए गए हैं।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के सदस्य प्रोफेसर शाहिद अख्तर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति तभी अच्छा हो सकता है जब वह देश के संविधान का पालन करे, जब कानून बन रहा था तो उस समय की स्थितियों और माहौल से हम पूरी तरह अनभिज्ञ थे और यह किताब उन सभी बातों की ओर मार्गदर्शन करती है। संविधान को जानने और उसे अच्छे से समझने के लिए इस पुस्तक का अध्ययन आवश्यक है।

आईन-ए-हिंद के अनुवादक डॉ जावेद आलम ने अनुवाद से संबंधित उनको जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसपर उन्होंने कहा कि भारत के संविधान से संबंधित जो संदर्भ हैं, वह वास्तव में पढ़ने से संबंधित हैं। समारोह का संचालन हक्कानी अल-कासिमी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहायक निदेशक (शैक्षणिक) डॉ शमा कौसर यज़दानी ने किया।

इस कार्यक्रम में मोहम्मद अहमद सहायक निदेशक (प्रशासन), नीलम रानी, कलीमुल्लाह, इंतेखाब अहमद, शाहनवाज मोहम्मद खुर्रम और परिषद के पूरे स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में उर्दू जगत की सम्मानित हस्तियों ने भी भाग लिया, जिनमें दानिश इकबाल, सोहेल अंजुम, प्रो. खालिद महमूद, प्रो. तसनीम फातिमा, प्रो. शाहफर रसूल, फिरोज बख्त, शफीकुल हसन, असद रजा, प्रो. नुजहत परवीन, डॉ. सलमा, डॉ. नईमा जाफरी पाशा, प्रो. अख्तर हुसैन, डॉ. रखशंदा रूही, प्रो. नौशाद मलिक, डॉ. अबू जहीर रब्बानी, खुर्शीद हयात, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद अफजल आदि उल्लेखनीय हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बेटी संग पहुंचीं परमार्थ निकेतन, की गंगा आरती

ऋषिकेश (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह और राष्ट्रपति की बेटी इतिश्री मुर्मू परमार्थ निकेतन पहुंचीं। जिनका शंख ध्वनि, पुष्पवर्षा और वेदमंत्रों से दिव्य अभिनन्दन किया गया।

मंगलवार की शाम श्री हनुमान जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल गुरमीत सिंह ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस की अन्तरराष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती के सान्निध्य में विश्व विख्यात गंगा आरती में सहभाग किया।

परमार्थ निकेतन के दिव्य प्रांगण में स्वामी की साधना स्थली में विराजित मां लक्ष्मी जी की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर राष्ट्रपति ने शक्ति के प्रति श्रद्धा और भक्ति समर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि परमार्थ आश्रम, मां गंगा के सन्निकट में गंगा आरती के इस पावन अवसर पर यहां उपस्थित परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती, उत्तराखंड के राज्यपाल और उपस्थित आश्रम के सभी अनुयायीगण, इस पावन अवसर पर यहां उपस्थित होने के लिये आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। आज एक संयोग है कि आज हनुमान जयंती भी है, मंगलवार भी है और पूर्णिमा भी है। इस पावन दिवस में और इस पावन अवसर पर गंगा की आरती के समय आप सभी से मिलकर मैं अपने आप को धन्य महसूस कर रही हूं। आप ने इस पावन अवसर पर बुलाया यह एक संयोग ही है। मुझे पता नहीं था कि आज इतना अच्छा दिन है। ये मेरे लिये मां गंगा का आशीर्वाद ही होगा। परमार्थ गंगा आरती में मैं दूसरी बार सहभाग कर रही हूं। पुनः मैं धन्यवाद देना चाहती हूं कि

इस पावन अवसर पर आप ने मुझे बुलाया, गंगा जी ने मुझे बुलाया। आप सभी से मिलकर मुझे आरती करने का मौका मिला इसलिये मैं बहुत -बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ।

तत्पश्चात राष्ट्रपति एवं राज्यपाल, स्वामी और साध्वी ने विभिन्न राष्ट्रोन्मुखी, उत्तराखंड राज्य के विकास, आध्यात्मिक तथा परमार्थ निकेतन द्वारा संचालित सेवा पहलों के विषय में विचारों का आदान-प्रदान किया।

साध्वी भगवती सरस्वती ने परमार्थ निकेतन व डिवाइन शक्ति फाउंडेशन द्वारा संचालित कई प्रभावशाली, धर्मार्थ और मानवीय व पर्यावरणीय सेवा पहलों के विषय में जानकारी माननीय राष्ट्रपति के साथ साझा की। इन सेवा क्षेत्रों में सेवायें प्रदान कर रहें कुछ चयनित कार्यकर्ताओं और प्रतिभागियों को माननीय राष्ट्रपति जी से मिलने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के लाभार्थी युवा, नारी शक्ति, बेटियां, बच्चों तथा परमार्थ विजय पब्लिक स्कूल, उत्तरकाशी, जो कि नेत्रहीन बच्चों को समर्पित एक उत्कृष्ट स्कूल है, परमार्थ नारी शक्ति केंद्र, ऋषिकेश, जो कि स्लम क्षेत्रों के बच्चों व युवाओं की शिक्षा हेतु समर्पित है वहां के विद्याथियों और शिक्षिकाओं से माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी और माननीय राज्यपाल जी ने भेंट की। परमार्थ निकेतन द्वारा इन सभी सेवा पहलों के माध्यम से दिव्यांगों को सम्मान के साथ सशक्त जीवन जीने का कौशल व हौसला प्रदान किया जा रहा है। परमार्थ निकेतन द्वारा संचालित ये सभी उत्कृष्ट पहल दिव्यांगों के समर्थन व सम्मान हेतु समर्पित है। इनके माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाया जा रहा हैं साथ ही निःशुल्क कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला संचालित की जा रही हैं। राष्ट्रपति जी को वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज सहित ग्लोबल इंटरफेथ वॉश एलायंस (जीवा) के माध्यम से परमार्थ निकेतन द्वारा जल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गयी। जीवा, स्वच्छता के मानकों और स्तर को बढ़ाने के लिये अद्भुत कार्य कर रहा है। स्वच्छता कर्मियों की सेवा का जश्न मनाना, जीवन में बदलाव लाने तथा समावेशी सशक्तिकरण के लिये विलक्षण सेवा कार्य किये जा रहे हैं।

तत्पश्चात राष्ट्रपति और राज्यपाल ने माँ गंगा के पवित्र तट होने वाली प्रसिद्ध माँ गंगा जी की आरती में सहभाग किया। हनुमान जयंती के अवसर पर परमार्थ निकेतन के श्री हनुमान घाट पर हनुमान जी की पूजा -अर्चना, गंगा पूजा और विश्व शांति हेतु पवित्र यज्ञ में आहुति समर्पित की।

स्वामी के पावन सान्निध्य में राष्ट्रपति और राज्यपाल जी, साध्वी , परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमारों और देश विदेश से आये परमार्थ परिवार के सदस्यों ने परमार्थ गंगा तट पर दिव्य भक्तिमय वातावरण में हरिनाम संकीर्तन और गंगा जी की आरती की।

संध्या का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी देवभक्ति के साथ देशभक्ति के रंग मे रंग गये। पूरे परमार्थ गंगा तट पर देशभक्ति का अद्भुत उत्साह था। सभी भारत की राष्ट्रपति की गरिमामय उपस्थिति से अत्यंत प्रसन्न थे।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हिमालय की हरित भेंट रूद्राक्ष का दिव्य पौधा, इलायची की माला और हनुमत महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीहनुमान जी की दिव्य प्रतिमा भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। राष्ट्रपति मुर्मू की शालीनता और राष्ट्र को समर्पित भावों को देखकर सभी गदगद हो गये।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)